अध्याय—सात

भुगतान शेष और विदेशी व्यापार

प्रस्तावना

7.1 अन्तर्राष्ट्रीय वातावरण कुल मिलाकर भारत के आर्थिक विकास के लिए 1974–75 में बहुत अधिक प्रतिकूल रहा है। विश्व में महासमर के बाद के इतिहास में मुद्रा स्फीति की आंधी जो मूलतः बड़े-बड़े औद्योगिक देशों में आर्थिक क्रियाकलापों में वृद्धि के कारण आयी थी वह तेल और अनाज की कीमतों के एकदम से बढ़ जाने के कारण 1974–75 में फिर तेज हो गयी। तेल की कीमतें और ज्यादा बढ़ जाने के कारण अन्तर्राष्ट्रीय भुगतान के क्षेत्र में भारी परिवर्तन हो गया और सुव्यवस्थित विश्व मुद्रा प्रणाली में पुनः अस्थिरता आ गयी। हालांकि, औद्योगिक देशों में मुद्रास्फीति होने के कारण हमारे निर्यात के यूनिट मूल्यों में पर्याप्त वृद्धि हो गयी, लेकिन औद्योगिक देशों की मुद्रास्फीति और पेट्रोलियम, आयात किये जाने वाले अनाज और उर्वरकों की कीमतों में होने वाली अत्यधिक वृद्धि का कुल मिलाकर भारत के अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार की स्थिति पर बहुत बुरा असर पड़ा है। यह बुरा असर तब पड़ रहा है जब हमारी राष्ट्रीय आय में वृद्धि होना लगभग बंद-सा हो गया है। इससे भारत की अर्थव्यवस्था में विदेशी घटनाओं के कारण आने वाले असन्तुलन की मात्रा और भी बढ़ गयी है।

प्रारक्षित राशियों में घट-बढ़ और भुगतान शेष

7.2 भुगतान शेष के ब्यौरेवार आंकड़े इस समय केवल मार्च, 1973 तक ही उपलब्ध हैं। इस बारे में हाल की पिछली सूचना के उपलब्ध न होने के कारण पिछले वर्ष या उसके आस-पास भारत की भुगतान शेष सम्बन्धी स्थिति की मुख्य-मुख्य बातों का अनुमान विदेशी मुद्रा की प्रारक्षित राशि में होने वाली घटती-बढ़ती, सीमाशुल्क, व्यापार से आय, विदेशी सहायता की प्राप्तियां आदि जैसे तत्वों से लगाया जा सकता है।

7.3 भारत के विदेशी लेनदेन के वास्तविक लाभ का पता अन्ततः विदेशी मुद्रा प्रारक्षित राशियों में होने वाली घटती-बढ़ती से चलता है। सारणी 7.1 में हमारी विदेशी मुद्रा प्रारक्षित राशियों में होने वाली घटती-बढ़ती दिखायी गयी है। इससे पता चलता है कि चालू वित्तीय वर्ष के पहले नौ महीनों (अप्रैल-दिसम्बर, 1974) में भारत की विदेशी मुद्रा प्रारक्षित राशियों में 2.8 करोड़ रुपये की मामूली-सी वृद्धि हुई थी। फिर भी प्रारक्षित विदेशी मुद्रा की राशि में होने वाली घटती-बढ़ती से विदेशी लेन-देन पर पड़ने वाले प्रभाव का हमेशा पता नहीं चल सकता क्योंकि

सारणी 7.1

भारत की प्रारक्षित विदेशी मुद्रा राशि

(करोड़ रुपयों में)

वर्ष/महीने का अन्त	सोना तथा* विदेशी मुद्रा	एस० डी० आर० *	कुल प्रारक्षित राशि	प्रारक्षित राशि में घटबढ़	एस० डी० आर०	नये एस० डी० आर० के अलावा, प्रारक्षित राशि में घट-बढ़ (5—6)	अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से वित्त निकासियां (+) पुनः अदायगी	प्रारक्षित राशि में घटबढ़ अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के साथ कुल लेन-देन (7—8)
1967-68 . .	538.6	—	538.6	60.2	—	60.2	24.4	35.8
1968-69 . .	576.7	—	576.7	38.1	—	38.1	—58.5	96.6
1969-70 . .	728.9	92.0	820.9	244.2	94.5	149.7	—125.4	275.1
1970-71 . .	620.6	111.7	732.3	—88.6	75.4	—164.0	—176.3**	12.3
1971-72 . .	662.9	185.8	848.7	116.4	74.7	41.7	—	41.7
1972-73 . .	661.4	184.9	846.3	—2.4	—	—2.4	—	—2.4
1973-74 . .	763.3	183.7	947.0	100.7	—	100.7	62.6	38.1
दिसम्बर 1974 (क) .	769.9	179.9	949.8	2.8	—	2.8	488.1	—485.3

*20 दिसम्बर 1971 और जून 1972 के मध्य, कनाडियन डालर के अतिरिक्त अन्य विदेशी मुद्राओं का सम-मूल्य केन्द्रीय दरों पर निकाला गया। कनाडियन डालर का मूल्य न्यूयार्क में, क्रय-विक्रय की हाजिर दर के मासिक औसत के अनुसार आंका गया। जुलाई, 1972 से पौण्ड का मूल्य भारतीय रिजर्व बैंक की क्रय-विक्रय की हाजिर दरों के अनुसार आंका गया है: विदेशी मुद्रा की अन्य रकमों को, जिनमें कनाडियन डालर भी शामिल हैं अप्रैल, 1974 तक लंदन में क्रय-विक्रय की हाजिर दरों के मासिक औसतों पर आधारित एक दूसरे की दरों (क्रास) के आधार पर और मई 1974 में लंदन में क्रय-विक्रय की हाजिर दरों के औसत के आधार पर रुपयों में परिवर्तित कर दिया गया है। लेकिन सोने तथा एस० डी० आर० का मूल्य सभी मामलों में उनके दिसम्बर 1971 पूर्व रुपयों मूल्यों के अनुसार आंका गया है।**

**अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष को सोने के रूप में कोटे की राशि की अदायगी करने के लिये, विदेशों से सोने की खरीद पर होने वाला खर्च शामिल है।

(क) अनन्तिम।

जरूरत पड़ने पर अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से धन लेने की सुविधा का उपयोग कर प्रारक्षित राशि की कमी पूरी कर ली जाती है। वास्तव में अप्रैल और मई 1974 में भारत ने सोने के अपने कोटे और ऋण की पहली किश्तों के बदले अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से 294.2 करोड़ रुपये की रकम ली थी। इसके अलावा उसने अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की तेल सुविधा के अन्तर्गत अक्तूबर, 1974 के अन्त में 193.9 करोड़ रुपये की और रकम ली थी। इस तरह चालू वित्त वर्ष में भारत ने अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से कुल मिलाकर 488.1 करोड़ रुपये की रकम ली। अगर अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से धन न लिया गया होता तो भारत की प्रारक्षित विदेशी मुद्रा राशि में 1974–75 के पहले नौ महीनों में 485.3 करोड़ रुपये की कमी हो जाती। इस रकम से यह पता चलता है कि जितनी रकम हमें मिली उससे कितनी ज्यादा अदायगी हमारे द्वारा की गयी। इसके अलावा इससे इस अवधि में हमारे भुगतान शेष की वास्तविक कमी का पता चलता है। वर्तमान संकेतों के अनुसार, संभव है कि 1974–75 की अन्तिम तिमाही म भारत की प्रारक्षित राशि में भारी कमी आ जाय।

7.4 भारत के समूचे भुगतान शेष की स्थिति 1974–75 में जो कि खराब हो गयी है वह 1973–74 की सन्तोषजनक स्थिति से बिल्कुल उल्टी है। सीमा शुल्क के आंकड़ों के अनुसार व्यापारिक घाटा 437.7 करोड़ रुपये था लेकिन अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से उसके द्वारा दी जाने वाली प्रतिपूर्ति वित्त प्रबन्ध सुविधा के अन्तर्गत फरवरी 1974 में 62.6 करोड़ रुपये लिये गये। इसका प्रभाव मुख्य रूप से यह हुआ कि भारत की प्रारक्षित मुद्रा राशि में 1973–74 में 100.7 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई। अगर अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से यह रकम न भी ली गयी होती, तो प्रारक्षित राशि में लगभग 38 करोड़ रुपये की वृद्धि होती। इस वृद्धि का एक कारण यह भी है कि कुछ निर्यात के एक अंश की अदायगी परिवर्तनीय मुद्राओं में की गयी। इस बात के संकेत भी मिले हैं कि सम्भवतः गैर-कानूनी प्रयोजनों के लिए विदेशी मुद्रा की चोरी कम होने जैसे कारणों से भी अदृश्य स्रोतों से होने वाली निवल प्राप्तियों में वृद्धि हुई। विदेशों से 1973–74 में सहायता के रूप में जो निवल रकम प्राप्त हुई वह पहले की अपेक्षा अधिक थी और यह भी एक अनुकूल कारण था।

7.5 चालू वित्त वर्ष में भारत के भुगतान शेष पर दबाव मुख्य रूप से आयात की जाने वाली वस्तुओं की कीमत में तेजी से वृद्धि होने के कारण पड़ा। अगर निर्यात को मूल्य के रूप में आंका जाये तो उत्साहजनक सुधार दिखायी पड़ता है। विदेशी सहायता की प्राप्तियों में भी कुछ वृद्धि हुई है। आन्तरिक सुरक्षा कानून के अन्तर्गत तस्करों के विरुद्ध हाल ही में की गयी कार्रवाई से भी विदेशी मुद्रा की चोरी कम हो गयी है। लेकिन चालू वर्ष में ऊंची वाणिज्यिक कीमतों पर विदेशों से भारी मात्रा में मंगाये गये अनाज के लिये अधिक अदायगियां करने और कच्चे तेल और उर्वरकों के आयात पर भी भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा खर्च करने का भुगतान शेष पर बहुत अधिक दबाव पड़ा है।

7.6 वर्ष 1973–74 के और 1974–75 के पहले आठ महीनों के आयात और निर्यात से सम्बन्धित आंकड़े सीमा-शुल्क के विवरणों में उपलब्ध हैं। इन आंकड़ों के अनुसार 1973–74 में कुल मिलाकर 2483.2 करोड़ रुपये का निर्यात किया गया था जो 1972–73 में किये गये निर्यात से लगभग 26 प्रतिशत अधिक था। दूसरी ओर, कुल 2920.9 करोड़ रुपये के मूल्य का आयात किया गया जिससे यह पता चलता है कि इसमें 1972–73 में किये गये आयात की तुलना में 56.4 प्रतिशत की तेजी से वृद्धि हुई है। इस प्रकार 1973–74 में 437.7 करोड़ रुपये का काफी अधिक व्यापारिक घाटा हुआ जबकि 1972–73 में 103.4 करोड़ रुपये का लाभ हुआ था। वर्ष 1973–74 में आयात का खर्च तेजी से बढ़ने का मुख्य कारण पेट्रोलियम और इससे बनी चीजों की कीमतों का ऊंचा होना और उर्वरकों, अलौह धातुओं और लोहे और इस्पात जैसी आयात की जाने वाली अन्य मुख्य वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि का होना था। अनाज और वनस्पति तेलों के आयात में वृद्धि होने के कारण भी जिनकी कीमतें काफी बढ़ गयी थीं, कुल खर्च में बढ़ोत्तरी हुई।

7.7 वर्ष 1974–75 के पहले आठ महीनों में (अप्रैल से नवम्बर तक) निर्यात की वृद्धि की अपेक्षा अधिक आयात की प्रवृत्ति बनी रही। इस अवधि में, निर्यात में लगभग 36.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि आयात का मूल्य लगभग 54 प्रतिशत बढ़ गया। अप्रैल से नवम्बर, 1974 तक की अवधि में 2026.8 करोड़ रुपये का निर्यात और 2451.3† करोड़ रुपये के मूल्य का आयात किया गया जिसके परिणामस्वरूप व्यापार शेष में 424.5 करोड़ रुपये का घाटा रहा जबकि 1973–74 के पहले आठ महीनों में केवल लगभग 105.2 करोड़ रुपये का घाटा था।

7.8 वर्ष 1973–74 में, हमारे निर्यात को विश्व में बहुत-सी वस्तुओं की कीमतें बढ़ जाने के कारण लाभ हुआ। लेकिन इसके साथ-साथ अन्तर्राष्ट्रीय कीमतों में वृद्धि होने से आयात की अतिरिक्त लागत के कारण भारी बोझ भी आ पड़ा जिसका कुल मिलाकर परिणाम यह निकला कि निर्यात की आमदनी में वृद्धि होने से जो लाभ हुआ वह आयात की लागत में होने वाली वृद्धि से न केवल बराबर हो गया बल्कि कुल मिलाकर घाटा ही रहा। वर्ष 1958 को आधार मानकर, वाणिज्यिक आसूचना और सांख्यिकी के महानिदेशक द्वारा संकलित निर्यात और आयात के यूनिट के मूल्य के सूचकांकों के अनुसार 1973–74 में निर्यात के औसत यूनिट मूल्य में जबकि वृद्धि लगभग 22.3 प्रतिशत की हुई थी, उसके विपरीत हमारे आयात के औसत यूनिट मूल्य में 45.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसके परिणामस्वरूप हमारा कुल व्यापार 16 प्रतिशत से अधिक गिर गया। उपलब्ध आंकड़ों से 1974–75 में हमारे व्यापार में किसी उल्लेखनीय सुधार का पता नहीं चलता।

7.9 वर्ष 1973–74 में जो इतना अधिक व्यापारिक घाटा हुआ उसके साथ-साथ हमारे व्यापार की क्षेत्रीय दिशाओं में भी महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए। खासतौर से, तेल का निर्यात करने वाले देशों से आयात वर्ष 1973–74 में तेजी से बढ़कर 18.2 प्रतिशत हो गया जबकि यह 1972–73 में 10.7 प्रतिशत था। इसी प्रकार ऊत्तर अमेरिका से किये जाने वाले हमारे आयात का अनुपात 1972–73 में 19.6 प्रतिशत से बढ़कर 1973–74 में 22.8 प्रतिशत हो गया। दूसरी ओर, यूरोपीय साझा बाजार के देशों (जिसमें ब्रिटेन भी शामिल है) से हमारा आयात 1972–73 में 30.9 प्रतिशत से कम होकर 1973–74 में 23.4 प्रतिशत रह गया। निर्यात की दिशा में मुख्य बात यह थी कि परिवर्तनीय मुद्रा क्षेत्रों में हमारे निर्यात का अनुपात 1972–73 के 67.6 प्रतिशत से बढ़कर 1973–74 में 78.4 प्रतिशत हो गया। वर्ष 1973-74 में भारत द्वारा किये गये कुल निर्यात में पूर्वी यूरोपीय देशों का हिस्सा 1/5 था और यह 1968–69 और 1969–70 के बराबर ही था।

---

†जब अनाज, पैट्रोलियम और उससे बनी चीजों के आयात के संबंध में और अधिक सूचना मिल जायगी तब नवम्बर के आंकड़ों में संशोधन करने से आयात के आंकड़े और भी अधिक हो सकते हैं।

आयात

7.10 वर्ष 1973–74 में जो आयात (2921 करोड़ रुपये) किया गया वह 1972–73 में किये गये 1867 करोड़ रुपये के आयात के ड्योढ़े से कुछ अधिक था। यद्यपि काजू, कपास, लुगदी और रद्दी कागज, कागज और गत्ते, बिजली की मशीनों और परिवहन के उपकरणों के आयात में कमी हुई, लेकिन अनाज, वनस्पति तेलों, पेट्रोलियम और उससे बनी चीजों, रासायनिक खाद और रासायनिक खाद तैयार करने में काम आने वाले कच्चे माल, अलौह धातुओं, लोहे और इस्पात और पूंजीगत माल के आयात में भारी वृद्धि हुई। इन सात मदों के आयात के कुल मल्य में पिछले साल के मुकाबले 1973–74 में 90 प्रतिशत से भी अधिक की वृद्धि हुई थी।

7.11 1971-72 के प्रमुख वस्तु-समूहों के आयात के आंकड़े नीचे की सारणी में दिखाये गये हैं।

सारणी 7.2

मुख्य वस्तु समूहों के अनुसार भारत का आयात

(करोड़ रुपये)

	1971-72	1972-73	1973-74	अप्रैल से सितम्बर		अप्रैल-सितम्बर 1973 की तुलना में अप्रैल-सितम्बर 1974 में प्रतिशत घट-बढ़
				1974-75	1973-74	
1	2	3	4	5	6	7
1. अनाज	131.4	80.8	473.1	252.1	131.4	+91.1
2. रुई	113.4	90.9	52.0	14.1	32.8	−57.0
3. कच्चा जूट	—	1.1	12.2	1.7	11.4	−85.1
4. चर्बी और वनस्पति तेल	46.5	24.9	64.9	24.9	21.4	+16.4
5. रासायनिक खाद व रासायनिक खाद की सामग्री	111.3	145.7	226.1	194.0	78.0	+148.7
6. पेट्रोलियम और उससे बनी चीजें	194.1	204.0	560.3	586.5	152.6	+284.3
7. धातु	340.0	334.9	382.3	247.7	166.3	+48.9
8. मशीनें तथा परिवहन उपकरण	470.6	532.0	629.0	318.1	284.6	+12.0
9. अन्य	417.4	453.1	521.0	293.2	233.2	+25.7
कुल आयात	1824.5	1867.4	2920.9	1933.0	1111.7	+73.9

7.12 1971-72 और 1972-73 में अनाज की पैदावार के लगातार घटने के कारण 1973-74 में 473.1 करोड़ रुपये की कीमत के लगभग 44 लाख मैट्रिक टन अनाज का आयात करना पड़ा। इसके मुकाबले 1972-73 में 81 करोड़ रुपये से 8 लाख टन अनाज का वास्तविक आयात किया गया था। इस प्रकार 1973-74 में अनाज का आयात कुल आयात का 16 प्रतिशत बैठता है जबकि 1972-73 में यह केवल 4.3 प्रतिशत था। बड़ी मात्रा में अनाज के आयात के अलावा अनाज की ऊंची कीमतों के कारण आयात का खर्च काफी बढ़ गया। वर्ष 1973-74 में तीन मुख्य मदों अर्थात् अनाज, पैट्रोलियम और पैट्रोलियम की चीजों और रासायनिक खाद के आयात पर कुल 1251.5 करोड़ रुपया खर्च हुआ जबकि 1972-73 में इस पर 410.4 करोड़ रुपया खर्च हुआ था।

7.13 वर्ष 1973-74 में रुई का आयात 1972-73 में 91 करोड़ रुपये से घट कर 52.0 करोड़ रुपये का रह गया और इस प्रकार आयात की मात्रा में 50 प्रतिशत की कमी हो गयी। लेकिन आयात की कीमतें ऊंची होने के कारण मूल्य के रूप में हुई कमी उस कमी के अनुसार नहीं थी जो मात्रा में हुई। दूसरी ओर, कच्ची ऊन के आयात में 80.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई और 16.1 करोड़ रुपये की ऊन का आयात किया गया। इस मामले में भी, आयात की मात्रा 1972-73 के 10.0 हजार टन से घट कर 1973-74 में 7.4 हजार टन रह गयी।

7.14 चर्बी और वनस्पति तेलों के आयात में भारी वृद्धि हुई. वर्ष 1972-73 में 24.9 करोड़ रुपये के मूल्य की 1.1 लाख टन ये वस्तुएं बाहर से मंगायी गयीं जबकि 1973-74 में 64.9 करोड़ रुपये मूल्य की 2.1 लाख टन इन वस्तुओं का आयात किया गया। वनस्पति तेल और चर्बी का यूनिट मूल्य लगभग 40 प्रतिशत अधिक था जिसके कारण इन वस्तुओं के आयात पर भारी रकम खर्च करनी पड़ी।

7.15 उर्वरकों और रासायनिक वस्तुओं का आयात वर्ष 1972-73 के 282 करोड़ रुपये से 38 प्रतिशत बढ़कर 1973-74 में 389.3 करोड़ रुपये का हो गया। इस वृद्धि का लगभग 4/5 भाग केवल उर्वरकों के आयात की ऊंची कीमतों के कारण था। कुल मिलाकर 226.1 करोड़

रुपये के मूल्य के 38.3 लाख टन उर्वरक और उर्वरक बनाने के काम आने वाले कच्चे माल का आयात किया गया। वर्ष 1972-73 की तुलना में मात्रा के रूप में यह आयात केवल लगभग 7 प्रतिशत अधिक था लेकिन कीमत के रूप में यह 55 प्रतिशत अधिक था। उर्वरकों और उर्वरक बनाने के काम आने वाले कच्चे माल का संयुक्त यूनिट मूल्य 1972-73 में 407.5 रुपये प्रति टन से बढ़कर 1973-74 में 591 रुपये प्रति टन हो गया।

7.16 आयात के मूल्य में सबसे अधिक वृद्धि पेट्रोलियम और उससे बनी चीजों (पेट्रोल, तेल, ल्युब्रिकेंट) के मामले में हुई। वर्ष 1973-74 में पेट्रोलियम और उससे बनी चीजों के आयात पर कुल 560.3 करोड़ रुपये खर्च हुए जो 1972-73 में किये गये 204 करोड़ रुपये के आयात खर्च से 175 प्रतिशत अधिक है। हालांकि आयात किये गये पेट्रोलियम और उससे बनी चीजों की मात्रा में केवल 14 प्रतिशत से कम की वृद्धि हुई लेकिन इनके यूनिट मूल्य में तेजी से 142 प्रतिशत की वृद्धि हो गयी। इस प्रकार पेट्रोलियम और इससे बनी चीजों का आयात 1973-74 के कुल आयात खर्च का लगभग 19.2 प्रतिशत हो गया जबकि 1972-73 में यह केवल 9.2 प्रतिशत था।

7.17 लुगदी और रद्दी कागज के आयात में 1973-74 में मामूली-सी कमी हुई। कागज और कागज के गत्ते के आयात में भी 2.5 करोड़ रुपये की कमी हुई। हालांकि बिजली की मशीनों और परिवहन उपकरणों का आयात घट गया, लेकिन बिजली से भिन्न मशीनों और धातु की बनी चीजों के आयात में तेजी से वृद्धि हुई। कुल मिलाकर पूंजीवाले माल के आयात में, केवल 18.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई जिसमें कीमतों में होने वाली वृद्धि भी शामिल है। ऐसा मालूम होता है कि देश में औद्योगिक कार्यों की गति धीमी हो जाने और विदेशों में कीमतों के बढ़ जाने के कारण पूंजीगत माल का आयात किया जाना रुक गया है।

7.18 यद्यपि मूल्यों के रूप में लोहे, इस्पात और अलौह धातुओं का आयात बढ़ा है, लेकिन मात्रा के रूप में इसमें काफी कमी आयी है। 1973-74 में 242.6 करोड़ रुपये के 1012 हजार टन लोहे और इस्पात का आयात किया गया जबकि 1972-73 में 225.8 करोड़ रुपये के मूल्य के 1222 हजार टन का आयात किया गया था। इस प्रकार इनके यूनिट मूल्य में लगभग 30 प्रतिशत की औसत वृद्धि हुई। इसी प्रकार अलौह धातुओं के आयात के मामले में भी जहां आयात का मूल्य 1972-73 में 104.2 करोड़ रुपये से बढ़ कर 1973-74 में 133.0 करोड़ रुपये हो गया, आयात की गयी इन धातुओं की मात्रा 1806 लाख किलोग्राम से घट कर 1592 लाख किलोग्राम रह गयी। कीमतों में तेजी से वृद्धि होने के परिणामस्वरूप तांबे, निकल, जस्ते, जिंक और टिन के यूनिट मूल्यों में 15 से लेकर 48 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई।

7.19 ऊपर बतायी गयी मुख्य मदों के आयात के स्वरूप से यह पता चलता है कि 1973-74 में हमारे आयात के मूल्य में जो इतनी अधिक वृद्धि हुई थी वह मुख्यत: विदेशों में ऊंची कीमतों के कारण है और यह हमारे आयात व्यापार की मात्रा में किसी महत्वपूर्ण वृद्धि की सूचक नहीं। अनाज और वनस्पति तेलों को छोड़कर, जिनका 1973-74 में बड़ी मात्रा में आयात किया गया था, हमारे अन्य आयातों की मात्रा में भारी वृद्धि नहीं हुई। चीजों का थोड़ी मात्रा में मिल सकना और विदेशों में ऊंची कीमतों को देखते हुए आयात के द्वारा देश में कमी को पूरा करने की गुंजाइश बहुत कम थी और आयात की लागत में वृद्धि होने का असर यह हुआ कि देश में निर्मित माल की लागत में वृद्धि हो गयी।

7.20 वर्ष 1974-75 के पहले आठ महीनों (अप्रैल से नवम्बर तक) में भारत द्वारा कुल 2451.3 करोड़ रुपये के मूल्य का आयात किया गया जो 1973.74 की इसी अवधि में किये गये आयात से 54 प्रतिशत अधिक है। आयात की गयी इन चीजों का अलग-अलग ब्यौरा केवल अप्रैल से सितम्बर 1974 तक का ही उपलब्ध है। इन छ: महीनों में हमारे आयात के मूल्य में लगभग 821.3 करोड़ रुपये की जो कुल वृद्धि हुई है उसमें लगभग 89 प्रतिशत वृद्धि पेट्रोलियम या उससे बनी चीजों, उर्वरकों, अनाज और लोहे और इस्पात के आयात में या आयात के मूल्य में हुई वृद्धि के कारण हुई जो 729.4 करोड़ रुपयों का हुआ। अलौह धातुओं के कारण आयात के कुल मूल्य में 3.2 प्रतिशत की और वृद्धि हुई जबकि दूसरी ओर रुई, कच्चे जूट और गैर-धात्विक खनिजों से बनी चीजों के आयात के मूल्य में कमी हुई।

आयात के लिए लाइसेंस देना

7.21 आयात के लाइसेंस जारी करने और इस लाइसेंस का इस्तेमाल किये जाने के समय में अन्तर होने के कारण वर्ष में किये गये आयात के मूल्य और जारी किये गये आयात लाइसेंसों के मूल्य के बीच परस्पर कोई निश्चित सम्बन्ध नहीं होता। लेकिन, 1973-74 में हमारे आयात के मूल्य में हुई 56.4 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में इस अवधि में जारी किये गये आयात लाइसेंसों के मूल्य में 26 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस वर्ष जारी किये गये लाइसेंसों का मूल्य 2333 करोड़ रुपये था जबकि 1972-73 में 1856 रुपये के लाइसेंस जारी किये गये थे। कुल मिला कर जितने मूल्य के लाइसेंस जारी किये गये, उसमें बड़ा हिस्सा सरकारी क्षेत्र का था। वर्ष 1973-74 में जारी किये गये लाइसेंसों के मूल्य में से इस क्षेत्र के लाइसेंसों के मूल्य में लगभग 35 प्रतिशत की वृद्धि हुई और जारी किये गये लाइसेंसों के कुल मूल्य में सरकारी क्षेत्र का हिस्सा लगभग 71 प्रतिशत बैठता है। गैर-सरकारी क्षेत्र के मामले में केवल थोड़ी-सी अर्थात् 8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वर्ष 1973-74 की आयात नीति में कुल मिलाकर कोई परिवर्तन नहीं किया गया लेकिन निर्यात को बढ़ावा देने के लिए आयात की व्यवस्था में और ढील दी गयी।

7.22 नीचे दी गयी सारणी में 1970-71 से प्रमुख श्रेणियों के आयातकों को दिये गये लाइसेंसों के जारी किये जाने के क्रम का पता चलता है:-

सारणी 7.3

आयात लाइसेंसों का श्रेणीवार क्रम

(करोड़ रुपये)

श्रेणियां	1970-71	1971-72	1972-73	1973-74	अप्रैल--अक्तूबर		प्रतिशत परिवर्तन कालम 7/6
					1973-74	1974-75	
1	2	3	4	5	6	7	8
1. स्थायी आयातक	41.8	40.8	55.3	38.5	14.3	19.7	+38
2. वास्तविक उपयोगकर्ता	311.9	368.3	376.0	483.4	199.4	359.8	+80
3. तकनीकी विकास महानिदेशालय के यूनिट	385.0	252.7	171.2	198.2	85.4	91.1	+7
4. लघु उद्योग	83.3	1118.0	86.4	82.9	29.6	34.9	+18
5. पंजीकृत निर्यातक	94.7	93.4	136.0	151.3	77.3	77.7	नगण्य
6. पूंजीगत माल	127.1	252.2	268.0	261.6	148.3	101.1	--32
7. सीमाशुल्क अनुमति परमिट	32.9	32.0	58.1	65.4	35.5	63.3	+78
8. सरकारी व्यापार एजेंसियां	444.6	587.6	620.9	948.3	549.8	607.3	+10
9. अन्य	112.7	108.7	83.8	104.1	62.5	67.6	+8
जोड़	1633.9	1853.7	1855.7	2333.7	1202.0	1422.4	+18

7.23 स्थायी आयातकों और लघु उद्योगों की यूनिटों को छोड़कर अन्य सभी श्रेणियों को जारी किये गये लाइसेंसों का मूल्य 1973-74 में काफी अधिक था। सबसे अधिक वृद्धि सरकारी व्यापार एजेंसियों के मामले में हुई क्योंकि हमारी बहुत-सी वस्तुओं का आयात अब इन्हीं एजेंसियों के माध्यम से किया जाता है। इस श्रेणी के अन्तर्गत जारी किये गये लाइसेंसों का मूल्य 1972-73 के 620.9 करोड़ रुपये से बढ़कर 1973-74 में 948.3 करोड़ रुपये हो गया अर्थात् इसमें 53 प्रतिशत की वृद्धि हुई। एक अन्य श्रेणी जिसको जारी किये गये लाइसेंसों के मूल्य में 28.5 प्रतिशत की काफी अधिक वृद्धि हुई, वह वास्तविक उपयोगकर्ताओं की श्रेणी थी। यह उनके द्वारा किये गये निर्यात के परिणामों के आधार पर उन्हें तरजीह दिये जाने और फालतू पुर्जों और हिस्सों को आयात की मात्रा में ढील दिये जाने के कारण हुआ। दूसरी ओर, स्थायी आयातकों के नाम जारी किये जाने वाले आयात लाइसेंसों में 30.4 प्रतिशत की कमी हुई जिसका कारण उनके लिए विभिन्न प्रकार के उपकरणों के फालतू हिस्सों, औषधियों और दवाइयों, मोटर गाड़ियों के हिस्सों और औजारों जैसी 26 मदों के कोटे में कमी का किया जाना था।

7.24 वर्ष 1974-75 के पहले सात महीनों में जारी किये गये आयात लाइसेंसों के मूल्य में पिछले वर्ष इसी अवधि में जारी किये गये लाइसेंसों के मूल्य की तुलना में 18 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस अवधि में वास्तविक उपयोगकर्ताओं के नाम जारी किये गये आयात लाइसेंसों के मूल्य में 80 प्रतिशत की वृद्धि हुई। अधिक संख्या में उद्योगों को प्राथमिकता दिया जाना, लाइसेंसों की प्रक्रिया का सरल बना दिया जाना और पुनरावृत्ति के आधार पर पुनर्भरण लाइसेंसों का बनाया जाना आदि कुछ ऐसी बातें हैं, जिनके कारण इस श्रेणी के उद्योगों के नाम जारी किये गये लाइसेंसों के मूल्य में वृद्धि हुई। लघु उद्योगों को जारी किये गये लाइसेंसों के मूल्य में भी 35 प्रतिशत की वृद्धि हुई जिसका कारण इन उद्योगों द्वारा विदेशी सप्लायरों को सीधे आर्डर देने और किये गये काम के आधार पर माल के पहले छः महीने के लिए अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आयात का प्रबंध करने की रियायत देनी तथा पिछड़े क्षेत्रों में खोले गये लघु उद्योगों के लिए कच्चे माल, हिस्सों और अतिरिक्त पुर्जों का आयात करने की सुविधाओं का विस्तार करना था।

निर्यात

7.25 वाणिज्यिक आसूचना और सांख्यिकी के महानिदेशक के अनुसार 1973-74 में भारत का कुल निर्यात 2483.2 करोड़ रुपये का हुआ था जो 1972-73 के 1970.8 करोड़ रुपये के निर्यात से 512.4 करोड़ रुपये या 26 प्रतिशत अधिक था। यह चौथी पंचवर्षीय आयोजना के पहले चार वर्षों में (1968-69 से 1972-73 तक) लगभग 9.7 प्रतिशत की वार्षिक चक्रवृद्धि दर से हुई बढ़ोतरी के बराबर है। वर्ष 1973-74 में हुई वृद्धि को हिसाब में ले लेने के बाद, चौथी आयोजना की समूची अवधि में निर्यात के मूल्य में हुई वृद्धि की वार्षिक औसत दर 12.8 प्रतिशत बैठती है।

7.26 वर्ष 1973-74 में हमारी निर्यात आमदनी में 26 प्रतिशत की वृद्धि की दर देश के अन्दर उत्पादन में आने वाली रुकावटों को देखते हुए हालांकि महत्वपूर्ण है, लेकिन विश्व व्यापार में हुई वृद्धि या विकासशील देशों के निर्यात में कुल मिलाकर हुए विस्तार के अनुरूप नहीं है। मिसाल के तौर पर वर्ष 1973 में विश्व निर्यात के मूल्य में 37.8 प्रतिशत और विकासशील देशों (तेल का निर्यात करने वाले विकासशील देशों को छोड़कर) के निर्यात में 45 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई थी। इसके मुकाबले, भारत के निर्यात में, 1973 में केवल 31.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई। हालांकि विश्व के निर्यात में कम विकासशील देशों का (तेल का निर्यात करने वाले विकासशील देशों को छोड़कर) हिस्सा 1972 में 11.7 प्रतिशत से बढ़कर 1973 में 12.4 प्रतिशत हो गया था, लेकिन विश्व निर्यात में हमारा हिस्सा 1972 में 0.66 प्रतिशत के

मुकाबले 1973 में कम हो कर 0.63 प्रतिशत रह गया। इसके अलावा, हमारे निर्यात में जो वृद्धि हुई, वह आयात में हुई वृद्धि से कहीं कम थी जिसके परिणामस्वरूप हमारे विदेशी व्यापार का सन्तुलन और भी बिगड़ गया।

7.27 1973-74 में निर्यात की आमदनी में वृद्धि मुख्यतः संसार में कई वस्तुओं के यूनिट मूल्यों के बढ़ जाने के परिणामस्वरूप अधिक रकम प्राप्त होने के कारण हुई। वाणिज्यिक आसूचना और सांख्यिकी के महानिदेशालय के निर्यात की मात्रा के सूचक अंक के अनुसार 1958 को आधार मानते हुए हमारे निर्यात की मात्रा में 1972-73 में हुई 11.3 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 1973-74 में केवल 3.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस प्रकार 1973-74 में निर्यात की आमदनी में हुई 512.4 करोड़ रुपये की कुल वृद्धि में से लगभग 14 प्रतिशत वृद्धि मात्रा में हुई बढ़ोतरी और शेष 86 प्रतिशत वृद्धि अधिक यूनिट मूल्य प्राप्त होने के कारण हुई।

7.28 1973-74 में विनिमय दर प्रणाली में कोई परिवर्तन नहीं हुआ और रुपये का केन्द्रीय मूल्य एक पौण्ड स्टर्लिंग = 18.97 रुपये पर स्थिर रहा। हाल के वर्षों में भारत की विनिमय दर संबंधी नीति से, देश में मुद्रास्फीति का भारी दबाव होने पर भी भारत के निर्यात को आगे बढ़ाये रखने की कोशिश करने में सहायता मिली है। जब संसार की सभी मुद्राओं को अपना-अपना सममूल्य तय करने के लिए खुला छोड़ा दिया गया हो, तब विनिमय दरों की व्यवस्था में पूरे तौर पर स्थिरता की कल्पना करना वास्तविकता से आंखें मूंदना होगा। फिर भी, यह बात नोट करने की है कि वर्ष 1973-74 में व्यापार-भारिता के आधार पर भी उन ग्यारह देशों की मुद्राओं की तुलना में, जिनके साथ हमारा 60 प्रतिशत तक विदेशी व्यापार होता है, रुपये की वास्तविक विनिमय दर में 2.89 प्रतिशत से अधिक की कमी नहीं हुई।

7.29 1973-74 में मुख्य रूप से खली, सूती कपड़ा, इंजीनियरी के सामान, हस्तशिल्प, मछली और मछली की बनी हुई चीजों, सिले-सिलाये सूती कपड़ों, चीनी, मूंगफली, खनिज लोहे और नकली रेशम के कपड़ों के निर्यात से होने वाली आमदनी में काफी वृद्धि हुई। 1973-74 में आयात की आमदनी में हुई 512.4 करोड़ रुपये की वृद्धि में से इन दस वस्तुओं का हिस्सा कुल मिलाकर लगभग 89 प्रतिशत बैठता है। दूसरी ओर जिन मदों का निर्यात मूल्य कम हो गया उनमें जूट से बनी चीजें, चाय, चमड़ा और चमड़े से बनी चीजें, अभ्रक, सूती धागा और खनिज ईंधन और लुब्रिकेंट शामिल हैं। नीचे दी गयी सारणी 7.4 में 1971-72 से 1973-74 तक तथा अप्रैल से सितम्बर 1974 तक मुख्य वस्तुओं के अनुसार निर्यात का क्रम दिखाया गया है।

सारणी 7.4

मुख्य वस्तुओं का निर्यात

(कीमत करोड़ रुपयों में)

मद/समूह	1971-72	1972-73	1973-74	1972-73 के मुकाबले 1973-74 में प्रतिशत घट-बढ़	अप्रैल–सितम्बर		अप्रैल–सितम्बर 1973 के मुकाबले अप्रैल सितम्बर 1974 में हुआ प्रतिशत परिवर्तन
					1973	1974	
1. खली	40.2	74.8	170.6	+128.0	43.6	90.5	+51.8
2. तम्बाकू	45.1	63.9	70.9	+11.0	56.2	45.7	+23.1
3. मछली और मछली से बने पदार्थ	42.0	54.5	88.4	+62.3	31.8	41.7	+23.4
4. चाय	156.3	147.3	144.9	−1.7	88.1	60.0	+46.8
5. काफी	22.1	32.9	46.0	+39.7	32.8	26.4	+24.5
6. चीनी	30.2	13.3	42.2	+218.0	100.7	5.6	+1705.4
7. काजू की गिरी	61.3	68.8	74.4	+8.2	66.1	46.2	+43.0
8. मूंगफली	5.8	5.4	32.5	+501.8	10.6	5.7	+87.6
9. खनिज लोहा	104.7	109.8	132.8	+21.0	49.3	55.2	+10.8
10. सूती कपड़ा	76.7	100.9	192.2	+90.4	93.6	77.3	+21.1
11. सिले-सिलाये सूती कपड़े	14.0	29.9	63.7	+113.5	48.3	15.9	+204.2
12. नकली रेशम का कपड़ा	7.5	9.6	27.9	+190.6	10.7	8.2	+30.7
13. जूट से बनी वस्तुएं	265.3	250.0	227.3	−9.1	169.4	111.2	+52.3
14. चमड़ा, चमड़े से बनी वस्तुएं (जूतों को छोड़कर)	90.8	174.5	171.4	−1.9	76.5	93.3	−18.0
15. इंजीनियरी का सामान	122.3	141.0	201.3	+42.8	141.1	75.9	+85.8
16. हस्तशिल्प की वस्तुएं	81.7	119.7	164.1	+37.1	84.7	59.0	+43.5
17. अन्य	442.3	574.5	632.6	+10.0	411.1	257.0	+60.0
कुल निर्यात	1608.2	1970.8	2483.2	+26.0	1514.6	1074.8	+40.9

7.30 वर्ष 1973-74 में जूट से बनी चीजों के निर्यात मूल्य में 9.1 प्रतिशत की कमी हुई अर्थात् 1972-73 में 250.00 करोड़ रुपये के निर्यात के मुकाबले 1973-74 में 227.4 करोड़ रुपये के मूल्य का निर्यात किया गया। यह कमी निर्यात की मात्रा के कम होने और यूनिट मूल्य में कमी होने दोनों के कारण हुई। मुख्यतः संयुक्त राज्य अमेरिका और सोवियत समाजवादी जनतंत्र संघ जैसे मुख्य बाजारों द्वारा कम माल उठाने के कारण जूट से बनी वस्तुओं के निर्यात में 1972-73 की अपेक्षा 3.1 प्रतिशत की कमी हुई। इस उद्योग को पावर की सप्लाई में कमी होने के कारण आन्तरिक उत्पादन घट गया और जनवरी-फरवरी 1974 में 33 दिन की हड़ताल के कारण भी निर्यात में कमी हो गयी। निर्यात से होने वाली यूनिट मूल्य प्राप्तियों में 6.1 प्रतिशत की कमी हुई जिसका आंशिक कारण जून और अगस्त 1973 में निर्यात शुल्क में कमी किया जाना है। पहले यह आशा की गयी थी कि पेट्रोलियम की कीमतें बढ़ जाने के कारण जूट के स्थान पर काम आने वाली सिन्थेटिक वस्तुओं के मुकाबले जूट से बनी वस्तुओं से अपेक्षाकृत काफी अधिक कीमत मिलेगी, लेकिन 1973-74 में यह आशा पूरी नहीं हुई क्योंकि शुरू में सिन्थेटिक प्रोलिप्रोपिलीन के उत्पादन की लागत में मामूली-सी वृद्धि हुई।

7.31 चाय के निर्यात मूल्य में भी 2.4 करोड़ रुपये की थोड़ी-सी कमी हुई थी। यद्यपि चाय के यूनिट मूल्य में थोड़ी हानि हुई लेकिन चाय के निर्यात पर बुरा असर इस बात का पड़ा कि 1972-73 के मुकाबले निर्यात 1.5 प्रतिशत या 29 लाख किलोग्राम कम किया गया।

7.32 चमड़े और चमड़े से बनी वस्तुओं के निर्यात में भी 1.9 प्रतिशत की थोड़ी-सी कमी हुई। 1972-73 में 174.5 करोड़ रुपये के मूल्य के निर्यात के मुकाबले 1973-74 में 171.4 करोड़ रुपये का निर्यात किया गया। जिन और वस्तुओं के निर्यात में कमी हुई वे थीं खनिज-ईंधन और ल्यूब्रिकेंट। इनके निर्यात में तेजी से 52 प्रतिशत की कमी हुई। 1972-73 में 31.96 करोड़ रुपये के मूल्य के निर्यात के मुकाबले 1973-74 में इनका निर्यात मूल्य 15.32 करोड़ रुपये रह गया। अभ्रक के निर्यात में भी कमी हुई; 1972-73 में 16.61 करोड़ रुपये के निर्यात के मुकाबले 1973-74 में 12.99 करोड़ रुपये का निर्यात किया गया। इस कमी का कारण यूनिट मूल्य में 18.2 प्रतिशत और मात्रा में 4.5 प्रतिशत कमी होना था।

7.33 प्राथमिक वस्तुओं के निर्यात में सबसे अधिक सफलता खली के निर्यात में मिली। खली का निर्यात 1972-73 में 74.77 करोड़ रुपये से बढ़कर 1973-74 में 170.60 करोड़ रुपये का हो गया अर्थात् इसके निर्यात में 95.83 करोड़ रुपये की या 128 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह वृद्धि अधिक यूनिट मूल्य की प्राप्ति होने और अधिक मात्रा में निर्यात किये जाने के कारण हुई। वर्ष 1973-74 में 1224.5 हजार मेट्रिक टन खली का निर्यात किया गया अर्थात् इसमें 22.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई। किन्तु यूनिट कीमत में 747 रुपये प्रति मैट्रिक टन से 1393 रुपये प्रति मैट्रिक टन की वृद्धि हो गयी जो बहुत अधिक थी। खली का निर्यात अधिकतर जापान, ब्रिटेन, इटली और नीदरलैण्ड को किया गया। संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा सोयाबीन के आटे के निर्यात पर पाबन्दी लगा दिये जाने और पेरू से सूखी मछली का आटा न मिलने के कारण खली के निर्यात के तेजी से बढ़ने में बहुत सहायता मिली। खली की मांग खासतौर से विस्तृत यूरोपीय साझा बाजार और जापान से बहुत अधिक थी, लेकिन देश में इसके उत्पादन में रुकावटें आने के कारण यह पूरी नहीं की जा सकी।

7.34 मिल का बना और हथकरघे का, दोनों प्रकार का सूती कपड़ा एक और ऐसी मद थी, जिसका हाथ वर्ष 1973-74 में निर्यात में हुई वृद्धि में बहुत बड़ा था। इस वर्ष 192.2 करोड़ रुपये के मूल्य के सूती कपड़े का निर्यात किया गया जो 1972-73 के निर्यात मूल्य से 91.3 करोड़ रुपया या 90.4 प्रतिशत अधिक था। मिल के बने और हथकरघे के बने, दोनों प्रकार के सूती कपड़ों के निर्यात की मात्रा में लगभग 44 प्रतिशत की वृद्धि हुई और उनके यूनिट मूल्यों में क्रमशः 32 और 35 प्रतिशत की वृद्धि हुई। रुई की सप्लाई की स्थिति अच्छी होने, विदेशों में सिन्थेटिक कपड़ों के बजाय सूती कपड़ों के सस्ते होने के कारण इसकी मांग में वृद्धि होने से सूती कपड़े का निर्यात तेजी से बढ़ गया। संयुक्त राज्य अमेरिका, सोवियत समाजवादी जनतंत्र संघ और ब्रिटेन को किये जाने वाले नियमित निर्यात के अलावा जापान को अधिक निर्यात किये जाने के कारण सूती वस्त्रों का निर्यात बढ़ाने में काफी सहायता मिली। मिले-सिलाये सूती कपड़ों का निर्यात, जो अपेक्षाकृत महंगी मद है 1972-73 में 29.85 करोड़ रुपये से बढ़कर 1973-74 में 63.74 करोड़ रुपये का हो गया और इस प्रकार इसमें 113.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

7.35 1973-74 में जिन अन्य मदों की निर्यात आय में वृद्धि हुई थी वे थीं अनिर्मित तम्बाकू, काफी, काजू की गिरी, नारियल के रेशे से बना धागा और उससे बनी अन्य वस्तुएं और दस्तकारी का सामान। काफी, अनिर्मित तम्बाकू, काजू की गिरी और नारियल के रेशे से बने धागे और उससे बनी अन्य वस्तुओं के निर्यात से होने वाला लाभ इन वस्तुओं के यूनिट मूल्यों में वृद्धि हो जाने के कारण हुआ। दस्तकारी के सामान के निर्यात में 44.4 करोड़ रुपये की उल्लेखनीय वृद्धि हुई और इसका निर्यात 1972-73 में 119.7 करोड़ रुपये से बढ़कर 1973-74 में 164.1 करोड़ रुपये का हो गया। केवल मोतियों और रत्नों के निर्यात में जो इस मद के प्रमुख अंग हैं, 37 प्रतिशत के करीब वृद्धि हुई। यह वृद्धि मुख्यतः हांगकांग, संयुक्त राज्य अमेरिका, बैल्जियम और जापान जैसे देशों को किये जाने वाले निर्यात में हुई।

7.36 देश में चीनी के उत्पादन में कमी होने के कारण, 1972-73 में इसके निर्यात को जबरदस्त धक्का लगा था। वर्ष 1973-74 में विश्व में चीनी की कीमतों में वृद्धि होने और देश में उत्पादन में वृद्धि होने के कारण चीनी के निर्यात में काफी सुधार हुआ। वर्ष 1973-74 में 42.2 करोड़ रुपये की चीनी का निर्यात किया गया जबकि 1972-73 में 13.3 करोड़ रुपये का निर्यात किया गया था। वर्ष 1972-73 की अपेक्षा इसके यूनिट मूल्य से लगभग 30 प्रतिशत अधिक प्राप्ति हुई। वर्ष 1973-74 में चीनी के निर्यात के सम्बन्ध में मुख्य बात यह थी कि इण्डोनेशिया, ईरान, दक्षिण यमन गणराज्य और कुवैत जैसे तेल उत्पादक देश मुख्य खरीदारों के रूप में सामने आये।

7.37 गैर-परम्परागत निर्यात में इंजीनियरी के सामान के निर्यात में और सुधार हुआ। वर्ष 1972-73 में 141 करोड़ रुपये के निर्यात के मुकाबले 1973-74 में इन वस्तुओं का निर्यात बढ़कर 201 करोड़ रुपये का हो गया अर्थात् इसमें लगभग 43 प्रतिशत की वृद्धि हुई। पहले के वर्षों में इंजीनियरी के सामान के निर्यात में वृद्धि की दर कुछ कम थी। 1973-74 में इन वस्तुओं के निर्यात में होने वाले सुधार से इस बात के संकेत मिलते हैं कि विदेशों में इस मद से लाभ की गुंजाइश काफी है।

7.38 रेलों के आने-जाने और श्रमिक अशान्ति से पैदा होने वाली कठिनाइयों के बावजूद 1973-74 में 132.8 करोड़ रुपये के मूल्य के लोह खनिज का निर्यात किया गया जबकि 1972-73 में 110 करोड़

रुपये का निर्यात किया गया था अर्थात् इसमें 21 प्रतिशत की वृद्धि हुई। निर्यात की मात्रा में भी 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और यूनिट मूल्यों की प्राप्तियों में भी 5 प्रतिशत की वृद्धि हुई। मछली और मछली से बने खाद्य पदार्थों के निर्यात में 62 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि हुई और 1973–74 में इसके निर्यात का मूल्य 88.4 करोड़ रुपये तक किया गया। इन निर्यातों के यूनिट मूल्यों में लगभग 20 प्रतिशत की और निर्यात की मात्रा में 35 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसमें से आधे से ज्यादा माल का निर्यात जापान और संयुक्त राज्य अमेरिका को किया गया।

7.39 वर्ष 1973–74 में निर्यात से हमें कुल मिलाकर जो अधिक आमदनी हुई वह मुख्यतः अधिक कीमत वसूल होने के कारण थी जिसके लिए हमें विश्व की मंडियों में तेजी आ जाने की स्थिति का आभार मानना चाहिए। हमने विश्व की मौजूदा परिस्थितियों का फायदा सूती वस्त्रों, खली, चीनी, मछली और मछली से बने खाद्य पदार्थों, नकली रेशम के वस्त्रों और काफी जैसी वस्तुओं के निर्यात की मात्रा बढ़ा कर उठाया गया। इंजीनियरी के सामान के निर्यात में भी सुधार हुआ। लेकिन साथ ही जूट से बनी वस्तुओं, चाय और नारियल के रेशे से बने धागे और उससे बनी अन्य वस्तुओं जैसे हमारे कुछ मुख्य परम्परागत निर्यातों में कुछ कमी हुई और इसका स्तर पहले के वर्षों के स्तर से कम रहा। वर्ष 1973–74 में किये गये निर्यात पर यदि हम इस दृष्टि से विचार करें तो उनसे कोई ऐसा वास्तविक संकेत नहीं मिलता कि हमें निर्यात में कोई उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है। तेजी की लहर पहले से ही गिर रही है और खली जैसी वस्तुओं की अन्तर्राष्ट्रीय कीमतें गिर चुकी हैं। हमारे निर्यात की दो मुख्य मदों अर्थात् जूट से बनी वस्तुओं और चाय की कीमतों में वृद्धि होने से कोई लाभ नहीं हुआ। वर्ष 1973–74 के अनुभव से हमें यह भी पता चलता है कि देश में उत्पादन के मार्ग में आने वाली कठिनाइयों और रुकावटों के कारण हम विदेशी बाजारों में मौके का पूरी तरह से फायदा नहीं उठा पाते। इससे इस समय देश में बाहर भेजी जा सकने वाली चीजों के उत्पादन के रास्ते में आने वाली रुकावटों को तेजी से दूर करने की आवश्यकता बढ़ जाती है और जहां संभव हो देश में उन चीजों के खपत को कम किया जाना चाहिए जिससे निर्यात के लिए काफी माल प्राप्त हो सके और विदेशी बाजारों में आने वाले मौकों का पूरा-पूरा फायदा उठाया जा सके।

7.40 वर्ष 1974-75 के पहले आठ महीनों (अप्रैल से नवम्बर तक) में भारत से कुल 2026.8 करोड़ रुपये के मूल्य का निर्यात किया गया जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में किये गये 1488.1 करोड़ रुपये के निर्यात से 36.2 प्रतिशत अधिक है। निर्यात में इतनी अधिक वृद्धि हमारे दो मुख्य परम्परागत निर्यातों की अर्थात् जूट से बनी वस्तुओं और चाय के मामले में पहले की प्रतिकूल प्रवृत्ति में कुछ परिवर्तन होने, सूती कपड़े और इंजीनियरी के सामान तथा निर्मित तम्बाकू, काफी, काली मिर्च और अभ्रक जैसी वस्तुओं के निर्यात में लगातार बढ़ोतरी होने व चीनी और किसी हद तक चांदी के भारी निर्यात के लिये आकस्मिक परिस्थितियों का संयुक्त परिणाम है।

7.41 निर्यात का वस्तुवार ब्यौरा अब तक केवल 1974-75 के पहले छह महीनों (अप्रैल से सितम्बर तक) का ही उपलब्ध है। इस अवधि में हमारे निर्यात व्यापार के सम्बन्ध में ध्यान देने योग्य मुख्य बात यह है कि हमारी दो मुख्य परम्परागत मदों अर्थात् जूट से बनी वस्तुओं और चाय के निर्यात मूल्य में भारी वृद्धि हुई है। इस अवधि में जूट की बनी 169.4 करोड़ रुपये के मूल्य की वस्तुओं का निर्यात किया गया जो पिछले साल इसी अवधि में किये गये निर्यात से 52.3 प्रतिशत अधिक था। मात्रा के रूप में 28.6 प्रतिशत की और यूनिट मूल्य के रूप में 18.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस अवधि में 88.05 करोड़ रुपये के मूल्य की चाय का निर्यात किया गया अर्थात् इसमें 46.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। चाय के निर्यात यूनिट मूल्य में जिसमें 1973-74 में वास्तव में कोई परिवर्तन नहीं हुआ था, इस अवधि के दौरान लगभग 49.2 प्रतिशत की निवल वृद्धि हुई। लंदन के बाजार में चाय की मांग में एकदम तेजी आने का कारण पूर्वी अफ्रीका में भारी सूखा पड़ना था जिसका चाय की पैदावार पर बहुत बुरा असर पड़ा।

7.42 इस अवधि में अन्य परम्परागत मदों में से सूती कपड़े के निर्यात में सुधार हुआ। सूती कपड़े का निर्यात, पिछले वर्ष की इसी अवधि में किये गये निर्यात से 21.1 प्रतिशत अधिक था। मिल के बने कपड़े के मामले में, निर्यात की मात्रा में 28.8 प्रतिशत की कमी हुई, लेकिन इसके यूनिट मूल्य में 67.9 प्रतिशत की वृद्धि हो जाने के कारण यह कमी न केवल पूरी हो गयी बल्कि और लाभ भी हुआ। हथकरघे के वस्त्रों के सम्बन्ध में, निर्यात की मात्रा में 2.7 प्रतिशत की और इसके साथ-साथ इसके यूनिट मूल्य में 24.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई। सिले-सिलाये सूती कपड़ों का निर्यात अप्रैल सितम्बर, 1973 में 15.88 करोड़ रुपये से बढ़कर अप्रैल-सितम्बर 1974 में 48.31 करोड़ रुपये हो गया।

7.43 जिन अन्य परम्परागत मदों के निर्यात में वृद्धि हुई वे थीं काजू की गिरी, अनिर्मित तम्बाकू, काफी, काली मिर्च और अभ्रक–काजू की गिरी के निर्यात मूल्य में 43.0 प्रतिशत की वृद्धि हुई। आमदनी में वृद्धि, यूनिट मूल्य में 36.3 प्रतिशत की वृद्धि हो जाने के कारण हुई। इसी प्रकार तम्बाकू के मामले में यूनिट मूल्य में 20.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई जिससे निर्यात मूल्य 10.5 करोड़ रुपये बढ़ गया।

काफी के निर्यात से 6.5 करोड़ रुपये अधिक प्राप्त हुए क्योंकि इसके यूनिट मूल्य में 36.4 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि रही। यूनिट मूल्य में लगभग 54.9 प्रतिशत की वृद्धि होने से काली मिर्च के निर्यात मूल्य में 1.6 करोड़ रुपये की वृद्धि हो गयी। जहां तक अभ्रक के निर्यात का सम्बन्ध है, इसकी कीमत पहले कम हो गयी थी लेकिन बाद में यह प्रवृत्ति बिल्कुल बदल गयी और अभ्रक के यूनिट मूल्य में लगभग 118 प्रतिशत की वृद्धि हुई जिससे निर्यात मूल्य दुगना हो गया। अभ्रक के स्थान पर काम में लायी जाने वाली सिन्थेटिक की बनी वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि हो जाने के कारण, इसकी मांग बढ़ने से इसके यूनिट मूल्य में वृद्धि हो गयी।

7.44 अप्रैल-सितम्बर, 1974 के दौरान निर्यात आय में सबसे अधिक वृद्धि चीनी से हुई। इस अवधि के दौरान 100.7 करोड़ रुपये के मूल्य की चीनी का निर्यात किया गया जो अप्रैल-सितम्बर 1973 में किये गये निर्यात मूल्य के मुकाबले 95.1 करोड़ रुपये अधिक था। दुनिया की मंडियों में चीनी की कीमतों में बहुत ज्यादा वृद्धि होने के साथ-साथ विदेशों में चीनी की मांग बढ़ जाने से चीनी का निर्यात बढ़ाने में में बहुत सहायता मिली। चीनी का यूनिट मूल्य प्रति मैट्रिक टन 1294.6 रुपये से बढ़कर 4187.0 रुपये प्रति मैट्रिक टन हो गया। यदि बाजार में चीनी में तेजी जारी रही तो 1974-75 के दौरान चीनी के निर्यात का लक्ष्य प्राप्त करना कठिन नहीं होगा।

7.45 इंजीनियरी के सामान के निर्यात में भी काफी वृद्धि हुई। लेकिन निर्यात की मात्रा और यूनिट मूल्य में कमी हो जाने के कारण खली के निर्यात में 51.8 प्रतिशत की कमी हो गयी। खली की मांग और मूल्यों में पीरू किस्म की मछलियों के पहले से अधिक संख्या

में पकड़ जाने और सोवियत समाजवादी जनतन्त्र संघ में सूरजमुखी की फसल अच्छी होने के कारण, कमी हो गयी । अप्रैल-सितम्बर, 1974-75 के दौरान खनिज लोहे के निर्यात में भी 5.94 करोड़ रुपये की कमी हो गयी है ।

7.46 ऐसे संकेत हैं कि 1974-75 की दूसरी छमाही में वर्ष की पहली छमाही के निर्यात की ऊंची दर काफी हद तक कम हो जायगी । कुछ वस्तुओं के निर्यात की गति में पहले जो तेजी आयी थी वह पहले ही धीमी पड़ चुकी है । कुछ वस्तुओं के निर्यात में होने वाली लगातार वृद्धि को हिसाब में लेते हुए पूरे वर्ष के लिये आशा है कि कुल मिला कर हमारा निर्यात लगभग 3100 करोड़ रुपये तक पहुंच जायगा जो 1973-74 के मुकाबले लगभग 25 प्रतिशत अधिक होगा । वर्ष 1974-75 में आयात में होने वाली भारी वृद्धि को देखते हुए, निर्यात की इस वृद्धि का अभिप्राय यह है कि भारत के भुगतान शेष में काफी घाटा रहेगा ।

व्यापार नीति

7.47 वर्ष 1974-75 में निर्यात नीति में मोटे तौर पर कोई परिवर्तन नहीं किया गया । इस नीति की मुख्य-मुख्य बातें ये हैं :निर्यात की जाने वाली कुछ चुनी हुई वस्तुओं के लिये आयात पुनर्भरण की व्यवस्था, क्षतिपूर्ति की नकद अदायगी, सीमाशुल्क और उत्पादन शुल्क की वापसी, सामरिक महत्व की वस्तुओं की अन्तर्राष्ट्रीय मूल्यों पर पूर्ति, भाड़े के खर्च में रियायत और रियायती दरों पर उदारता से ऋण देने की सुविधाएं । आयात नीति को और अधिक निर्यात-प्रधान बनाने के विचार से कुछ चुने हुए उपाय किये गये । कुछ वस्तुओं के मामले में जहां आयात पुनर्भरण की दर 50 प्रतिशत से कम थी, चालू वर्ष में 10 प्रतिशत और सामान्य पुनर्भरण की अनुमति दे दी गयी । यह भी निश्चय किया गया है कि कुछ चुने हुए निर्यात उद्योगों को इस बात की इजाजत दे दी जाय कि वे मिट्टी का तेल प्राप्त करने के लिये अपनी पुनर्भरण सुविधा के कुछ भाग का उपयोग कर सकते हैं । अनिवार्य रूप से निर्यात करने की योजना दो और उद्योगों अर्थात् टंगस्टन कार्बाइड टिप्स और टूल्स तथा डोमेस्टिक रेफ्रीजिरेटर्स पर भी लागू कर दी गयी । वर्ष 1974-75 की नीति में इस बात की व्यवस्था की गयी है कि यदि अनिवार्य निर्यात योजना के अन्तर्गत 28 उद्योगों का निर्यात उनके उत्पादन से 5 प्रतिशत कम हो जाता है तो तरजीही तौर पर माल दिये जाने की उनकी पात्रता समाप्त किये जाने के अलावा उनके द्वारा किये जाने वाले आयात में भी कटौती कर दी जायगी । विदेशों में वस्तुओं के मूल्यों में होने वाली वृद्धि से फायदा उठाने के विचार से, बासमती चावल के निर्यात पर से मात्रा सम्बन्धी प्रतिबन्ध हटा लिये गये । 1943 से चांदी और चांदी से बनी वस्तुओं के निर्यात पर जो रोक लगी हुई थी, वह फरवरी, 1974 में हटा ली गयी । नेफ्था के निर्यात की भी मंजूरी दे दी गयी । 24 दिसम्बर, 1974 से गलीचों के नीचे लगाये जाने वाले जूट के अस्तरों पर निर्यात शुल्क काफी कम कर दिया गया और उसे जूट केन्वस तथा जूट के निवार आदि की दरों के स्तर पर ले आया गया ।

7.48 वर्ष 1974-75 के निर्यात अभियान की एक नयी बात यह थी कि इलेक्ट्रानिक उपकरणों और संघटकों के लिए बम्बई के सान्ताक्रुज हवाई अड्डे के निकट एक्सपोर्ट प्रोसेसिंग जोन की स्थापना की गयी और इस जोन ने सितम्बर, 1974 से अपना काम शुरू कर दिया है ।

7.49 तेल संकट के परिणामस्वरूप भुगतान शेष पर काफी दबाव पड़ने के बावजूद 1974-75 की आयात नीति समग्र रूप से काफी उदार रही । आयात-नीति की अन्य मुख्य बातें थीं : आयात के लिए लाइसेंस पद्धति को सरल बनाना, स्पेयर पुर्जों आदि का उदारता से आयात किये जाने की अनुमति देना, निर्यात सम्बन्धी उद्योगों को तरजीह देना और सरकारी व्यापार एजेंसियों के कार्यक्षेत्र को और व्यापक बनाना । वर्ष की पहली छमाही में प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के लघु उद्योगों को आयात सम्बन्धी अपनी आवश्यकताओं के लिए विदेशी सप्लायरों से सीधे बातचीत करने की अनुमति दी गयी और इस काम के लिए 1973-74 में उनके नाम जारी किये गये लाइसेंसों को उनके मूल्य के 50 प्रतिशत तक पहले जारी किये गये लाइसेंसों पर दुबारा माल मंगाने की सुविधा के अन्तर्गत इस अवधि के लिए स्वतः वैध कर दिया गया । निर्माता निर्यातकों को भी आयात पुनर्भरण लाइसेंसों और सरकारी एजेंसियों द्वारा मंगवायी जाने वाली मदों के लिए विदेशी मुद्रा दिये जाने के आर्डरों के सम्बन्ध में ये सुविधाएं दी गयीं । लघु औद्योगिक एककों के मामले में, 1973-74 में कच्चे माल, अतिरिक्त पुर्जों और हिस्सों के लिए जारी किये गये आयात लाइसेंस, उपर्युक्त सुविधाओं के आधार पर, उनके मूल्य के 50 प्रतिशत के लिए स्वतः वैध कर दिये गये थे ।

7.50 प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के वास्तविक उपयोक्ताओं के साथ किये जाने वाले तरजीही व्यवहार में कुछ संशोधन किये गये थे। इसके अनुसार प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के एककों को, जो 1973-74 के दौरान अपने उत्पादन का 10 प्रतिशत अथवा इससे अधिक भाग का निर्यात करते थे, निर्यात-उत्पादन को और अधिक बढ़ाने तथा सप्लाई के तरजीही साधनों से आयात करने की सुविधाएं मिलती रहीं । गैर-प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में अपने उत्पादन का 20 प्रतिशत अथवा उससे अधिक का निर्यात करने वाले एककों को तरजीह मिलती रही । अपने उत्पादन का 25 प्रतिशत अथवा उससे अधिक का निर्यात करने वाले औद्योगिक एककों को अपनी आवश्यकताओं के लिए मुक्त विदेशी मुद्रा के बदले पहले से अधिक मात्रा में आयात करने की अनुमति दी गयी ।

7.51 स्थापित क्षमता का पहले से अधिक उपयोग करने के विचार से अतिरिक्त पुर्जों आदि के आयात की नीति को उदार बनाया गया । बड़े पैमाने के एककों द्वारा आयात किये जाने वाले अतिरिक्त पुर्जों की सीमा आयात की जाने वाली मशीनरी के मूल्य के 2 1/2 प्रतिशत तक कर दी गयी जो पहले 2 प्रतिशत थी । इसी तरह वास्तविक उपभोक्ताओं द्वारा अतिरिक्त पुर्जों का आयात किये जाने के लिये आयात लाइसेंसों की अधिकतम सीमा बड़े पैमाने के एककों के मामले में 20,000 रुपये और छोटे पैमाने के एककों के मामले में 8,000 रुपये कर दी गयी । पिछड़े क्षेत्रों में खोले गये लघु उद्योगों अथवा इंजीनियरी स्नातकों द्वारा खोले गये उद्योगों को स्थापित मशीनरी के मूल्य के 70 प्रतिशत तक कच्चे माल और पुर्जों के आयात के लाइसेंस दिये जाने की अनुमति दी गयी लेकिन ऐसे आयात का मूल्य अधिक से अधिक 2 लाख रुपये होगा ।

7.52 बड़े पैमाने पर माल की खरीद द्वारा बचत करने और आयात की लागत में कमी करने के विचार से सरकारी क्षेत्र की एजेंसियों के कार्यक्षेत्र का और अधिक विस्तार किया गया । इन एजेंसियों द्वारा आयात की जाने वाली मदों में 10 मदें और जोड़ दी गयीं तथा इन मदों की संख्या 210 हो गयी। कच्चे माल की खरीद और वितरण का कुशलतापूर्वक प्रबन्ध करने के लिए राज्य व्यापार निगम द्वारा स्थापित औद्योगिक कच्चा माल सहायता केन्द्र ने जिसकी स्थापना राज्य व्यापार निगम द्वारा की गयी है डिलीवरी के लिए तैयार माल के सम्बन्ध में कार्यक्षेत्र का और विस्तार कर

दिया तथा माल मंगाने की एजेंसी अर्थात् "इन्डेन्टिंग हाउस" के रूप में भी कार्य किया। खनिज तथा धातु व्यापार निगम भी खनिजों और धातुओं के आयात के मामले में वास्तविक उपभोक्ताओं की डिलीवरी के लिए तैयार माल के आधार पर उनकी आवश्यकता पूरी करने के लिए और निर्यात एककों को माल मंगाने की सुविधाएं देने के लिए प्रबन्ध कर रहा है। हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड द्वारा संचालित स्टील बैंक ने भी महत्वपूर्ण और सामरिक किस्म के इस्पात का भण्डार रखने के प्रबन्ध कर लिये हैं ताकि वैध आयात लाइसेंसों या रिलीज आर्डरों के बदले डिलीवरी के लिए तैयार माल दिया जा सके।

7.53 कच्चे माल को तैयार माल में बदलने के सौदों को आसानी से तय करने के लिए भी आयात नीति के अन्तर्गत प्रबन्ध किये गये। इन प्रबन्धों के अन्तर्गत निर्यात के लिए कच्चे माल के आयात की अनुमति दी गयी। कुछ ऐसी मदों को जिनके आयात की पहले अनुमति नहीं थी, वास्तविक उपभोक्ता सूची में शामिल कर लिया गया। दूसरी ओर कुछ मदों को जो अब देश में बनने लग गयी हैं, आयात की स्वीकृत सूची से निकाल दिया गया। लगभग ऐसी 61 वस्तुओं को आयात की प्रतिबन्धित सूची में रख दिया गया पहले जिनका आयात वास्तविक उपभोक्ता बिना किसी प्रतिबन्ध के कर सकते थे। इन वस्तुओं में इण्डस्ट्रियल रोलर चेन, टंगस्टन आयल फिलामेंट, शुद्ध लोहा, खाम आकार के बाल और रोलर बेयरिंग, कुछ दवाएं और औषधियां शामिल हैं।

7.54 वर्ष के दौरान अन्य देशों के साथ वाणिज्यिक और आर्थिक सम्बन्धों को और घनिष्ठ बनाने के लिये बहुत-से कदम उठाये गये। बल्गारिया के साथ एक नया "व्यापार तथा भुगतान करार" किया गया तथा पश्चिम जर्मनी के साथ एक "वाणिज्यिक विकास कार्यक्रम" के करार पर हस्ताक्षर किये गये। ईरान और कुवैत के साथ दो और नये करार किये गये। एक और उल्लेखनीय घटना यह थी कि बंगलादेश के साथ एक करार किया गया जिसके अनुसार 1975 से व्यापारिक लेनदेन रुपयों में किये जाने के बजाय परिवर्तनीय मुद्राओं में किये जायंगे। अभी हाल ही में भारत-यूरोपीय आर्थिक समुदाय संयुक्त आयोग की बैठक में कुछ समझौते किये गये हैं, जिनके अनुसार यूरोपीय आर्थिक समुदाय अगले एक और वर्ष के लिए जूट और नारियल के रेशे से बनी हमारी वस्तुओं की ब्रिटेन और डेनमार्क में बिना किसी शुल्क के दाखिल होने की अनुमति देगा। यूरोपीय आर्थिक समुदाय द्वारा कोटे और टेरिफ के सम्बन्ध में लगाये गये प्रतिबन्धों में और ढील देने के मामले में भी बातचीत की जा रही है ताकि समुदाय के देशों की मंडियों में महत्वपूर्ण वस्तुओं सहित अन्य वस्तुओं का अधिक मात्रा में निर्यात किया जा सके। आशा है कि यूरोपीय आर्थिक समुदाय भी 1975 की व्यापक रूप से तरजीह देने की अपनी विशेष योजना जी० एम० पी० को और उदार बनायेगा।

विदेशी सहायता

7.55 भारत को मिलने वाली विदेशी सहायता में पिछले कुछ वर्षों में लगातार कमी हो रही थी और 1972-73 में यह सहायता बहुत कम रह गयी थी। किन्तु 1973-74 में सहायता की जो रकम प्राप्त हुई उसका अंकित मूल्य अधिक था। भारत द्वारा आयात की जाने वाली अत्यावश्यक वस्तुओं की अन्तर्राष्ट्रीय कीमतों में वृद्धि हो जाने के परिणामस्वरूप भारत को विदेशी मुद्रा के खर्च के लिए जितनी रकम की जरूरत थी, विदेशी सहायता की उपलब्ध वृद्धि किसी भी तरह उसके लिए काफी नहीं थी। सकल विदेशी सहायता से जितने आयात का प्रबन्ध किया जाता था उसका अनुपात 1967-68 में 60 प्रतिशत से घट कर 1972-73 में 36 प्रतिशत रह गया और सहायता की इस राशि में वृद्धि होने के बावजूद 1973-74 में यह और कम होकर 29 प्रतिशत तक पहुंच गया। अनुमान है कि 1974-75 में प्राप्त होने वाली विदेशी सहायता की राशि बढ़ जायगी लेकिन इसके साथ-साथ भारत द्वारा किये जाने वाले आयात का खर्च भी 1974-75 में काफी बढ़ जायगा।

7.56 भारत को 1967-68 में सभी विदेशी स्रोतों से 1196 करोड़ रुपये की सहायता मिली थी जो 1972-73 में घटकर 666 करोड़ रुपये रह गयी थी। वर्ष 1973-74 में यह राशि बढ़ कर 849 करोड़ रुपये हो गयी। अनुमान है कि 1974-75 में कुल 1081 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त होगी। इसका कारण मुख्यतः अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ से अधिक ऋण और संयुक्त राष्ट्र संघ आपातकालीन योजना से अधिक अनुदान का मिलना है। वर्ष 1973-74 से मिलने वाली राशियों के मूल्य में बढ़ोतरी का एक कारण विदेशी मुद्रा की दरों में वृद्धि होना है। यदि दाता देशों में वस्तुओं के मूल्यों में होने वाली काफी वृद्धि या आयात की कीमतों में होने वाली वृद्धि को हिसाब में लिया जाये तो ऐसा पता चलता है कि 1973-74 से भारत को मिलने वाली सहायता के सकल मूल्य में कोई खास वृद्धि नहीं हुई।

7.57 क्योंकि भारत को मूलधन और ब्याज के रूप में काफी रकम अदा करनी पड़ती है अतः विदेशी सहायता की इस रकम से यह पता नहीं चलता कि भारत को वास्तव में कितनी निवल विदेशी राशि मिली है। इस प्रकार से वापस की जाने वाली रकमों को घटाने के बाद भारत को वास्तव में प्राप्त होने वाली रकम काफी कम हो गयी। वर्ष 1967-68 में यह राशि 863 करोड़ रुपये थी जो घटकर 1972-73 में 159 करोड़ रुपये रह गयी। वर्ष 1973-74 में यह राशि बढ़कर 254 करोड़ रुपये हो गयी और अनुमान है कि 1974-75 में यह 480 करोड़ रुपये हो जायेगी, हालांकि इस स्तर पर भी यह 1968-69 की निवल राशि से 48 करोड़ रुपये कम है। इसके अलावा, दाता देशों में मुद्रा-स्फीति के कारण, 1973-74 से प्राप्त होने वाली सहायता की निवल राशि का वास्तविक मूल्य अंकों में दिखायी गयी रकम से कहीं कम है। नीचे की सारणी में भारत को मिलने वाली सकल और निवल विदेशी सहायता का क्रम दिखाया गया है।

सारणी 7.5

विदेशी सहायता की प्राप्ति : सकल और निवल

(करोड़ रुपयों में)

मदें	1967-68	1968-69	1969-70	1970-71	1971-72	1972-73	1973-74	1974-75 (अनुमान)
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1. सकल प्राप्तियां जिसमें :	1196	903	856	791	834	666	849	1081
(क) पी० एल० 480 के अन्तर्गत अन्न*	285	131	128	57	112	4	—	—
(ख) पी० एल० 480 के अन्तर्गत अनाज से भिन्न पदार्थ	57	27	41	32				
(ग) अन्य अनाज सहायता	45	55	19	36	32	—	—	21
2. कुल ऋण परिशोधन जिसमें :	333	375	412	450	479	507	595	601
(क) मूलधन की अदायगियां	211	236	268	290	299	327	399	401
(ख) ब्याज की अदायगियां	122	139	144	160	180	180	196	200
3. विदेशी सहायता की निवल प्राप्ति (1–2)	863	528	444	341	355	159	254	480

*इसमें रुपयों में अदायगी करने की शर्तों और परिवर्तनीय मुद्रा ऋणों के अन्तर्गत आयात के रूप में मिलने वाली विदेशी सहायता शामिल है।

टिप्पणी : 1. सकल विदेशी सहायता प्राप्तियों में ऋणों के मामले में दी गई राहत को, जिसमें ऋणों के भुगतान की अवधि का पुनः निर्धारण/स्थगन आदि शामिल है, भी हिसाब में लिया गया है। ऋण परिशोधन में वही अदायगियां शामिल हैं जो विदेशी मुद्रा में और माल के निर्यात द्वारा की जानी है।

2. सहायता की सकल प्राप्तियों में गेहूं के रूप में मिलने वाली सहायता और ईरान तथा ईराक से किये जाने वाले तेल के आयात की व्यवस्था करने के लिए प्राप्त ऋण की सहायता की सकल राशि शामिल नहीं है। किन्तु इसमें 1974-75 में संयुक्त राष्ट्र आपातकालीन योजना के अन्तर्गत उपलब्ध होने वाली सहायता की राशि शामिल है।

7.58 पिछले कुछ वर्षों से भारत की ऋण सम्बन्धी देनदारियों में लगातार वृद्धि हो रही है जिसका उसके भुगतान शेष पर भारी बोझ पड़ रहा है। ऋण परिशोधन सम्बन्धी अदायगियां जिनमें मूलधन और ब्याज की अदायगियां भी शामिल हैं, 1961-62 में 142 करोड़ रुपये से बढ़कर 1973-74 में 595 करोड़ रुपये हो गयी। अनुमान है कि 1974-75 में यह रकम 601 करोड़ रुपये तक पहुंच जायेगी। हाल के वर्षों में ऋण परिशोधन सम्बन्धी अदायगियों का बोझ उसकी वार्षिक निर्यात आय के 25 प्रतिशत के बराबर था, जिसका प्रभाव यह हुआ कि आयात सम्बन्धी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विदेशों से सहायता के रूप में मिलने वाली निवल रकम कम हो रही है। उदाहरण के तौर पर 1973-74 में कुल जितनी सहायता का इस्तेमाल किया गया उसका 70 प्रतिशत भाग ऋण परिशोधन सम्बन्धी अदायगियां करने पर खर्च हो गया। इस संदर्भ में इस बात को सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि भारत को मिलने वाली सहायता का उपयोग बहुत अधिक लचीलेपन के साथ किया जाय और उसका वितरण शीघ्र कर दिया जाय। सहायता के इस सुधार के महत्वपूर्ण पहलू के रूप में भारत ने ऋण सम्बन्धी राहत की मांग की थी, किन्तु इस प्रयास में उसे सीमित सफलता ही मिली है। 1968-69 से 1971-72 तक के चार वर्षों में भारत सहायता संघ ने भारत को प्रतिवर्ष औसत 10 करोड़ अमरीकी डालर की ऋण राहत दी। ऋण राहत के रूप में 1972-73 में 14.8 करोड़ अमरीकी डालर और 1973-74 में 13.5 करोड़ अमरीकी डालर दिये गये। 1974-75 में ऋण-राहत के रूप में 19.4 करोड़ डालर प्राप्त होने का अनुमान है। तेल, अनाज और उर्वरकों के मूल्यों में तेजी से होने वाली वृद्धि के परिणामस्वरूप भुगतान शेष पर पड़ने वाले दबाव में हुई वृद्धि को देखते हुए और अधिक विदेशी सहायता तथा ऋण राहत की आवश्यकता पहले से ज्यादा हो गयी है। जब संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा का छठा विशेष अधिवेशन बुलाया गया था तब उसमें हाल की घटनाओं से अत्यन्त गम्भीर रूप से प्रभावित देशों की कठिनाई को दूर करने के उपाय के रूप में ऋण राहत की उपयोगिता को एक बार फिर स्वीकार किया गया। इस अधिवेशन में दाता देशों से यह सिफारिश की गयी कि वे पर्याप्त ऋण राहत की व्यवस्था करें।

7.59 भारत सहायता संघ ने पेरिस में जून, 1974 में हुई अपनी बैठक में यह स्वीकार किया कि भारत को 1974-75 के लिए ऋण राहत सहित लगभग 80 करोड़ अमरीकी डालरों की गैर-परियोजना सहायता, और लगभग 60 करोड़ अमरीकी डालर की परियोजना सहायता का आश्वासन दिया जाना चाहिये ताकि भारत के आर्थिक विकास को धक्का न पहुंचे। 1974-75 के लिये कुल 140 करोड़ डालर देने का आश्वासन, वर्ष 1973-74 के लिए सहायता संघ द्वारा दिये गये 120 करोड़ रुपये के आश्वासन की तुलना में अधिक है, हालांकि इस बात की संभावना है कि वृद्धि का कुछ अंश दाता देशों में हुई मूल्यवृद्धि से प्रतिसंतुलित हो जायगा।

7.60 वर्ष 1974-75 के पहले नौ महीनों में 724 करोड़ रुपये की सहायता की नयी स्वीकृतियां दी गयी हैं जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में इससे कुछ कम अर्थात् 721 करोड़ रुपये की स्वीकृतियां दी

गयी थीं। इसके अलावा, भारत को ईरान और ईराक द्वारा सप्लाई किये गये कच्चे तेल के कुछ भाग के लिये वित्त व्यवस्था करने के लिए उन देशों से आस्थगित ऋणों के रूप में सहायता प्राप्त हुई है।

7.61 हाल ही की आर्थिक घटनाओं से सर्वाधिक गम्भीर रूप से प्रभावित देशों को सहायता देने के लिए बनायी गयी संयुक्त राष्ट्र संघीय आपातकालीन योजना के अंतर्गत भारत को भी लाभ पहुंचा है। संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव के विशेष कोष से भारत के लिए अब तक, 3.25 करोड़ अमरीकी डालर की राशि निर्धारित की गयी है। यूरोपीय आर्थिक समुदाय ने भी संयुक्त राष्ट्र संघीय आपातकालीन योजना के अन्तर्गत अपनी द्विपक्षीय सहायता की पहली किस्त में से भारत के लिये 5 करोड़ डालर की राशि निर्धारित की है। कुछ और दाता देशों में ब्रिटेन (200 लाख पौण्ड) तथा स्वीडन है। संयुक्त राष्ट्र आपात योजना के अन्तर्गत मिलने वाली सहायता सामान्य विकास सहायता के अलावा है और इसका उद्देश्य यह है कि सहायता पाने वाले देशों को इस योग्य बनाया जाय कि वे हाल में हुई मूल्य वृद्धि के सन्दर्भ में अपने अत्यावश्यक आयातों को बराबर बनाये रख सकें किन्तु अब तक जितनी सहायता मिलने की आशा है वह भारत जैसे देशों के लिए अपने अत्यावश्यक आयातों की जरूरतों को पूरा करने के लिए अपर्याप्त है।

हाल की आर्थिक घटनाएं और निर्यात नीति

7.62 ईंधन, उर्वरकों तथा अनाज की कीमतों में भारी वृद्धि होने के कारण भारत के आयात खर्च में काफी वृद्धि हो गयी। यदि हमें अन्य महत्वपूर्ण वस्तुओं, कच्चा माल तथा पूंजी वाले सामान के आयात में कटौती किये बिना, इन अत्यावश्यक जरूरतों को पूरा करना है तो हमें अपना निर्यात काफी अधिक बढ़ाना होगा।

7.63 दुर्भाग्य से, हाल ही में औद्योगिक देशों में जो आर्थिक मंदी आयी है वह कोई अच्छा लक्षण नहीं है। किन्तु इस बात को देखते हुए कि निर्मित वस्तुओं के विश्व व्यापार में, भारत में बनी वस्तुओं के निर्यात का अंश बहुत थोड़ा है, भारत के लिये अपने निर्यात को बढ़ाने की काफी गुंजाइश है। पूर्वी यूरोपीय देशों के साथ हमारे व्यापारिक सम्बन्धों के कारण हमारे निर्यात में और भी स्थिरता आयी है।

7.64 जाहिर है कि पांचवीं आयोजना में निर्यात के जो लक्ष्य रखे गये हैं उन्हें काफी ऊंचा करना होगा जिससे भारत के भुगतान शेष की क्षमता को सुनिश्चित किया जा सके और हमें यह सोचना होगा कि मात्रा के रूप में हमारे निर्यात में कम से कम 10 प्रतिशत वार्षिक के हिसाब से अवश्य वृद्धि होनी चाहिए।

7.65 निर्यात संबंधी सक्षम नीति तैयार करते समय, जूट से बनी वस्तुओं, चाय, खली, तम्बाकू, चीनी तथा मसालों जैसे भारत के परम्परागत निर्यातों की सीमित क्षमता को स्वीकार करना होगा। इन वस्तुओं की दुनिया में मांग कम होने या भारत में इनकी अपेक्षाकृत कम उपज होने के परिणामस्वरूप इनकी सप्लाई की स्थिति की अनिश्चित सम्भावनाओं के कारण इनका निर्यात बढ़ाने में रुकावटें आ सकती हैं। फिर भी, इन सभी वस्तुओं के मामले में हमें पर्याप्त उपाय करने की आवश्यकता है जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि विश्व व्यापार में हमारी वर्तमान मात्रा और कम न हो जाय। जहां तक चीनी का सम्बन्ध है इसके निर्यात की सम्भावनाएं अब भी काफी उज्जवल हैं यदि हम अपना उत्पादन बढ़ाने में समर्थ हो जायें। इसमें सन्देह नहीं कि गन्ने की पैदावार का क्षेत्र बढ़ाने की कुछ अपनी सीमा है। लेकिन इस बात का विचार करते हुए कि लगभग 30 प्रतिशत गन्ना ही चीनी तैयार करने के काम आता है गुड़ तथा खण्डसारी उद्योग से गन्ने की खपत को घटाकर चीनी का उत्पादन बढ़ाने के लिए उचित प्रोत्साहन देकर चीनी का उत्पादन बढ़ाने की व्यवस्था करना संभव होना चाहिए।

7.66 जिन चीजों का हम शुरू दिनों से निर्यात करते आ रहे हैं उनमें से सूती कपड़े के निर्यात में वृद्धि इस स्थिति को स्वीकार करते हुए की जा सकती है कि औद्योगिक देशों में दीर्घकाल तक औद्योगिक मंदी के बने रहने की संभावना नहीं है। हमारी पांचवीं आयोजना में सूती कपड़े के निर्यात के लिए काफी ऊंचा लक्ष्य रखा गया है जिसमें पांच वर्ष की अवधि में निर्यात को दुगने से भी अधिक कर देने की व्यवस्था है। यदि हम निर्यात की जाने वाली उन किस्मों के उत्पादन को तेजी से बढ़ाने की व्यवस्था कर सकें जिनका मूल्य अन्तर्राष्ट्रीय मूल्य की अपेक्षा कुछ कम हो तो निश्चित ही यह लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। पिछले तीन या चार वर्षों में भारत से सिले-सिलाये कपड़ों के निर्यात में तेजी से वृद्धि हुई है। किन्तु, इस क्षेत्र में जहां विश्व व्यापार लगभग दो हजार करोड़ रुपये का है, वहां हमारे निर्यात का मूल्य केवल लगभग 50 करोड़ रुपये है। यह एक ऐसा क्षेत्र है जहां काफी मात्रा में बुनियादी कच्चा माल उपलब्ध करने के साथ-साथ उचित प्रोत्साहन देकर हम पांचवीं आयोजना के अन्त तक अपने निर्यात को लगभग 250 करोड़ रुपये तक बढ़ा सकने की आशा कर सकते हैं।

7.67 चमड़े और चमड़े के सामान के निर्यात में भी वृद्धि की काफी संभावनाएं मौजूद हैं। विकास की इस क्षमता का पूरा उपयोग करने के लिए बढ़िया किस्म का चमड़ा तैयार करने की दिशा में जोरदार कदम उठाये जाने की जरूरत है। मछली आदि समुद्री खाद्य वस्तु उद्योग एक और ऐसा क्षेत्र है जिसके विकास की संभावनाएं बड़ी उज्जवल हैं।

7.68 निस्सन्देह हमारे निर्यात का तेजी से विकास करने की दिशा में इंजीनियरी के सामान तथा रसायनों व सम्बद्ध पदार्थों के निर्यात से बहुत सहायता मिल सकती है। इंजीनियरी के सामान के उत्पादन में हमें अपेक्षाकृत काफी फायदे हैं और यदि यह निश्चित हो जाय कि देश में इन वस्तुओं की बिक्री के मुकाबले अन्ततः निर्यात अधिक लाभदायक है तो हम इंजीनियरी के सामान के निर्यात में आसानी से लगभग 20 से 30 प्रतिशत तक की वार्षिक वृद्धि कर सकते हैं। इस समय भारत की इंजीनियरी सम्बन्धी वस्तुओं के उत्पादन का लगभग 4 प्रतिशत सामान ही निर्यात किया जाता है और अधिकांश निर्यात बहुत थोड़ी-सी फर्में ही करती हैं। निस्सन्देह यह मानना पड़ेगा कि यदि निर्यात से अधिक फायदा होता है तो अधिक से अधिक फर्में निर्यात को ही अपना सामान्य धंधा बना लेंगी। खनिज लोहे के निर्यात को बढ़ाने की भी संभावनाएं काफी हैं। इस समय जो अवसर उपलब्ध हैं, उनका पूरा-पूरा लाभ उठाने के लिए यह जरूरी है कि खनिज लोहे और उसकी गोलियों, खनन और बन्दरगाह सम्बन्धी सुविधाओं के विकास की एक समन्वित योजना तैयार की जाय।

7.69 उपर्युक्त विवरण से यह पता चलता है कि सूती कपड़े, इंजीनियरी के सामान, मछली आदि समुद्री पदार्थ, चमड़े की वस्तुओं और रसायन तथा सम्बद्ध पदार्थ जैसी वस्तुओं के निर्यात के लिए काफी व्यापक अवसर हैं। इन सभी उद्योगों में बड़ी-बड़ी फर्मों को, जो अधिक निर्यात करती हैं, अगले पांच वर्षों में अपने निर्यात को बढ़ाने के लिए ठोस कार्यक्रम बनाने की आवश्यकता है और इन फर्मों के लिये आवश्यक आयातों और अन्य सुविधाओं की व्यवस्था करने के लिये स्थायी तौर पर दीर्घकाल के लिए कारगर प्रबन्ध करने की आवश्यकता है जिससे उनमें निर्यात के विस्तार के लिए आवश्यक विश्वास की भावना पैदा हो सके।

अध्याय-आठ

वर्ष 1975-76 की संभावनाएं

8.1 राष्ट्रीय आय में वृद्धि की दर के बारे में ऐसी अर्थव्यवस्था में अनुमान लगाना जिसमें उसकी लगभग आधी आय कृषि से प्राप्त होती हो, हमेशा एक जोखिम का काम होता है। इस तरह का कोई मूल्यांकन करते समय लगातार रहने वाली घरेलू कठिनाइयों और अन्तर्राष्ट्रीय व्यापारिक वातावरण की बढ़ती हुई अनिश्चितता को ध्यान में रखना चाहिए जो 1975-76 में राष्ट्रीय आय की दर में उल्लेखनीय वृद्धि करने में बाधक हो सकती है। फिर भी अर्थव्यवस्था के कुछ महत्वपूर्ण क्षेत्रों के बारे में जो सूचना उपलब्ध है उससे यह संकेत मिलता है कि आने वाले वर्ष में अर्थव्यवस्था में कुल मिलाकर सुधार होने की संभावना है हालांकि थोड़े समय में अर्थव्यवस्था में कोई नाटकीय परिवर्तन होने की आशा नहीं की जा सकती।

8.2 इस समीक्षा में पहले भी बताया जा चुका है कि हरित क्रांति से कृषि की उपज में बहुत थोड़ी वृद्धि हुई और बीजों की किस्म के भी कुछ घटिया होने से 1971-72 से गेहूं की पैदावार गिर गयी है। लेकिन यदि इस तथ्य पर ध्यान दिया जाय कि 1970-71 से 30 से 40 लाख हेक्टेयर अधिक भूमि पर सिंचाई की जाने लगी है तथा पहले से बहुत अधिक क्षेत्र में, अधिक उपज देने वाली फसलें उगायी जाने लगी हैं तो लगता है कि आने वाले वर्षों में कृषि की उपज में और वृद्धि बनाये रखना शायद संभव हो सके। फिर भी उर्वरकों के मिल सकने में अनियमितता आ जाने तथा मई, 1974 से इनकी कीमतों में भारी वृद्धि होने से स्थिति जटिल हो गयी है जिसके कारण आने वाले वर्षों में कृषि की संभावित पैदावार के बारे में ठीक-ठीक अनुमान लगाना मुश्किल हो गया है। फिर भी यह स्पष्ट है कि अनाज की पैदावार में वृद्धि की दर का अधिक होना चावल और मोटे अनाज की पैदावार में तेजी से वृद्धि के लाये जाने पर निर्भर है। वाणिज्यिक फसलों में से केवल कपास की फसल ऐसी है जिसमें वृद्धि होने की संभावना है हालांकि एम०सी०यू०-5 व हाइब्रिड-4 जैसी नयी किस्मों के बीज की खोज से इसकी पैदावार में जितनी वृद्धि का अनुमान लगाया गया था उसमें पर्याप्त संशोधन करना पड़ा है।

8.3 जहां तक औद्योगिक उत्पादन का संबंध है, यदि वर्षा सामान्य रूप से हुई तो 1975-76 में पावर की सप्लाई में लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है। कोयला और इस्पात के उत्पादन में भी वृद्धि होने की संभावना है और इससे उद्योगों को अपने उत्पादन में वृद्धि करने में पर्याप्त सहायता मिलेगी बशर्ते कि परिवहन संबंधी कठिनाइयां इतनी चिन्ताजनक न बनी रहें जितनी कि पहले थीं। लेकिन अन्तर्राष्ट्रीय व्यापारिक परिस्थितियां पहले से ज्यादा प्रतिकूल हो गयी है और इससे हमारी कुछ औद्योगिक वस्तुओं के निर्यात पर बुरा असर पड़ सकता है। औद्योगिक क्षमता का अधिक से अधिक उपयोग करने से औद्योगिक उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि करने में सहायता मिलेगी। फिर भी यह स्वीकार करना पड़ेगा कि पूंजीवाले माल व अन्तर्वर्ती वस्तुओं का उत्पादन करने वाले उद्योगों की उत्पादन क्षमता का पूरा-पूरा उपयोग, महत्वपूर्ण रीति से, सरकारी क्षेत्र में अधिक से अधिक पूंजी लगाने से संबद्ध है। अगर वित्तीय साधनों की कमी के कारण सरकारी क्षेत्र में अधिक पूंजी लगाने में रुकावट पड़ी तो इससे उत्पादन-क्षमता पर बुरा असर पड़ेगा। इसके अलावा हमें उद्योगों के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण कृषि-जन्य कच्चे माल के उत्पादन में निरन्तर होने वाली घटती-बढ़ती को ध्यान में रखना होगा। फिर भी वर्तमान अनुमानों के आधार पर ऐसा लगता है कि 1975-76 में औद्योगिक उत्पादन कुल मिलाकर 1974-75 के मुकाबले अधिक होगा।

8.4 थोड़े ही समय में विकास की गति को एकदम से तेज करने के लिए हमारे पास जो साधन हैं वह सीमित हैं। किन्तु आर्थिक नीति का निर्धारण करने वालों को 1975-76 में राष्ट्रीय आय के विकास की दर को ऊंचा करने के काम में जुट जाना चाहिए जिससे यह 3 से 3.5 प्रतिशत की दर की अपेक्षा जो पिछले पन्द्रह वर्षों से बराबर चली आ रही है, अधिक दर से बढ़ सके। यह कोई आसान काम नहीं होगा क्योंकि अर्थ व्यवस्था में मुद्रास्फीति की प्रवृत्तियां अभी भी बहुत शक्तिशाली हैं और जो भी विस्तारवादी नीति होगी वह ऐसी बनानी पड़ेगी कि जिससे अर्थव्यवस्था में मौजूदा दबाव और अधिक न बढ़ सके। यदि मांग में समय से पहले सामान्यतः सुधार होने लगे तो इससे मुद्रास्फीति की संभावनाओं को नये सिरे से और बल मिलेगा और ऐसा होने पर कीमतें पिछले दो वर्षों की अपेक्षा और भी तेजी से बढ़ने लगेंगी। इसलिए यह जरूरी है कि अर्थव्यवस्था के लिए विकास की जो योजनाएं जरूरी है उनको वित्तीय और मौद्रिक नियंत्रणों पर व्यापक तरीके से लगातार जोर देते रहने के संदर्भ में बनाया जाय।

8.5 हालांकि हाल में आर्थिक शिथिलता की काफी चर्चा हुई है तो भी उपलब्ध आंकड़ों से अगले महीनों में औद्योगिक उत्पादन में धीरे धीरे वृद्धि होने के संकेत मिलते हैं। फिर भी उपभोक्ताओं के न चाहने के बावजूद अगर कुछ उद्योगों ने कीमतों को उसी स्तर पर कायम रखने पर जोर दिया जिससे कि उन्हें पिछले दो वर्षों में असाधारण रूप से अधिक लाभ प्राप्त हुआ है तो हो सकता है कि कुछ क्षेत्रों में कुछ समय के लिए क्षमता का पूरा पूरा उपयोग न हो सके। लेकिन इन सभी मामलों में इस बात पर जोर दिया जाना चाहिए कि उद्योग अपेक्षाकृत अधिक वास्तविक आधार पर कीमतें निर्धारित करने की नीति अपनायें न कि सरकार द्वारा समय से पूर्व ही वित्तीय और ऋण नियंत्रणों में ढील दे दी जाय। फिर भी इस संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता कि हमारे देश के कुछ उद्योगों के निर्यात का भविष्य अनिश्चित होने के साथ व्यापार के क्षेत्र में मौजूदा मनोवृत्ति और सरकारी क्षेत्र में लगायी जाने वाली पूंजी की धीमी गति के कारण मौजूदा नीतियों में भविष्य में कुछ फेर बदल करने की आवश्यकता हो सकती है। यह फेर बदल कब और कितना करना पड़ेगा यह इस बात पर निर्भर करेगा कि विदेशों में हमारी वस्तुओं की कितनी मांग होती है और देश के अन्दर खाद्य की हमारी स्थिति कैसी रहती है। लेकिन ऐसा लगता है कि पिछले दो वर्षों में जो मुद्रा स्फीतिकारी भारी दबाव रहा है उसको देखते हुए हमारी कोशिश यह होनी चाहिए कि हम मांग में सामान्य सुधार की अपेक्षा कुछ विशिष्ट प्रोत्साहन देकर पूंजी लगाने और निर्यात बढ़ाने के लिए व्यापारियों के मन में विश्वास बनाये रखें।

8.6 हाल के वर्षों में सरकार ने कर लगा कर तथा बाजार-ऋण लेकर, दोनों तरीकों से, अतिरिक्त रकम जुटाने के लिए प्रभावशाली कदम उठाये हैं। दुर्भाग्य से इस प्रकार से जुटायी गयी रकम का अधिकांश गैर-विकासात्मक कार्यों के बढ़े हुए खर्च, खास तौर से वेतन और भत्तों

पर ही खर्च हो गया। इस वजह से, अतिरिक्त साधन जुटाने का प्रयत्न करने से सरकारी खर्च में जितनी बचत होने की संभावना थी, उतनी बचत नहीं हुई। चूंकि पूंजी निवेश की दर लगातार उंची बनाये रखने के लिए बचत की दर में वृद्धि करना बहुत जरूरी होता है इसलिए बचत की दर को बढ़ाने के लिए नयी युक्तियां निकालनी होंगी। पिछले दो वर्षों में कीमतों के तेजी से बढ़ जाने के कारण यह काम निस्संदेह आसान नहीं है। फिर भी, अतिरिक्त क्षमता जो इस समय सरकारी क्षेत्र में ही उपलब्ध है, उसका पूरा पूरा उपयोग करने से इस क्षेत्र की बचतों में वृद्धि करने में विशेष सहायता मिलेगी। सरकारी क्षेत्र के उद्यमों के लिए अधिक वास्तविक मूल्य-नीति अपनाने से भी बचत करने में सहायता मिलेगी। इसी प्रकार कर की चोरी को रोकने के उद्देश्य से कराधान के अधिक कारगर तरीके अपनाने से न केवल सरकारी क्षेत्र की बचतों में वृद्धि होने में सहायता मिलेगी बल्कि आय और सम्पत्ति की असमानता को कम करने में हमारी कर-प्रणाली का प्रभाव भी बढ़ जायगा। इसके अतिरिक्त आम तौर से औद्योगिक वस्तुओं की कीमतें निर्धारित करने के लिए वास्तविक मूल्य-नीतियां अपनाने से हमारी अर्थव्यवस्था पर काले धन के प्रभाव को कम करने में सहायता ही नहीं मिलेगी बल्कि इससे सरकारी राजस्व व सरकारी बचतों में भी वृद्धि होगी।

8.7 सरकारी और गैर-सरकारी दोनों क्षेत्रों में अधिक प्राथमिकता वाली मदों में पूंजी लगाने के लिए उपलब्ध बचतों की रकमों को उपयोग में लाने की भी काफी गुंजाइश है। इस समय राष्ट्रीय बचतों की अधिकांश रकम घरेलू क्षेत्रों से ही मिलती है और इसका केवल आधा भाग ऐसी वित्तीय परिसम्पत्तियों में लगाया जाता है जिनके उपयोग पर प्रायः सामाजिक नियंत्रण होता है। संभव है कि पिछले दो वर्षों में भारी मुद्रास्फीति होने से बचतों को ऐसी वित्तीय परिसम्पत्तियों जैसे बैंक-जमा के रूप में रखने का आकर्षण कम हो गया हो। अतः यह आवश्यक है कि ऐसी मिश्रित नीति अपना कर इस प्रवृत्ति को एक ऐसा मोड़ दिया जाय जो स्वीकृत वित्तीय परिसम्पत्तियों के रूप में अधिक बचतें करने के लिये अनुकूल हो। ऐसे तरीके भी ढूंढने होंगे जिनसे इस बात की सुनिश्चित व्यवस्था की जा सके कि नियमित क्षेत्र से प्राप्त होने वाली बचत की रकमों को उच्च प्राथमिकता वाले उद्योगों में ही लगाया जाय, ऐसी परियोजनाओं में नहीं जो राष्ट्रीय प्राथमिकता की दृष्टि से काफी कम महत्व की हैं।

8.8 जीवन-स्तर को ऊंचा उठाने के लिए चाहे जैसी भी प्रभावकारी नीति हो, जनसंख्या की वृद्धि की दर को कम करने की आवश्यकता पर जितना भी बल दिया जाय वह थोड़ा ही होगा। परिवार नियोजन कार्यक्रमों ने देश की जनसंख्या की समस्याओं के बारे में अधिक जागरूकता पैदा करने में सहायता प्रदान की है। अनुमान है कि संतान पैदा करने की आयु वाले इस समय लगभग 15 प्रतिशत दम्पति ऐसे हैं जो परिवार नियोजन के तरीकों को अपनाते हैं। जन्म दर में भी कमी होने लगी है। फिर भी कुल मिलाकर प्रगति मूल अनुमानों से काफी कम है। इसलिए हमें अपने परिवार नियोजन कार्यक्रम को फिर से ठीक ठीक बनाना होगा जिससे इसमें आवश्यक प्रगति प्राप्त की जा सके।

8.9 जनवरी, 1974 से पैट्रोलियम के मूल्यों में भारी वृद्धि होने से अन्तर्राष्ट्रीय आर्थिक संबंधों के स्वरूप में भारी परिवर्तन होने के संकेत मिलते हैं। स्पष्ट है कि आने वाले वर्षों में भारत के भुगतान-संतुलन की स्थिति को लगातार मजबूत बनाये रखने की सुनिश्चित व्यवस्था करने के लिए हमें न केवल विदेशों से मिलने वाले तेल के बारे में कम निर्भर रहने की कोशिश करनी होगी बल्कि अपने निर्यात बढ़ाने के लिए पहले की अपेक्षा अधिक प्रयास भी करने होंगे। तेल का मूल्य अधिक बढ़ जाने के कारण हमें अपने निर्यात में कम से कम 10 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि करने के बारे में विचार करना होगा। पिछले दो वर्षों में हमारे निर्यात के मूल्यों में जो लगातार वृद्धि हुई है उसका मुख्य कारण हमारी वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि होना था। जहां तक निर्यात की मात्रा का संबंध है उसमें 1968-69 से लगभग 4 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से वृद्धि हुई है जो इस दिशा में कोई बहुत बड़ी सफलता नहीं है। वर्ष 1974-75 में चुकायी जाने वाली बाकी रकमों की कमी को पूरा करने के लिए हमें अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से काफी अधिक रकमें निकालनी पड़ीं। आशा है कि 1975 में अन्तर्राष्ट्रीय मुद्राकोष विस्तृत तेल सुविधाओं को लागू करेगा और इससे हमें नयी परिस्थितियों के अनुरूप अपने आपको ढालने के लिए कुछ और समय मिल जायगा। लेकिन हमें आगे के लिए भी सोचना है जब अन्तर्राष्ट्रीय मुद्राकोष द्वारा दी जाने वाली तेल संबंधी सुविधा नहीं रहेगी और हमें अन्तर्राष्ट्रीय मुद्राकोष से लिये गये मौजूदा भारी ऋणों को चुकाना शुरू करना पड़ेगा। इस बात को सोचते हुए निर्यात को बढ़ावा देने के काम को और भी अधिक महत्व देना जरूरी हो जाता है। पिछले पन्द्रह वर्षों में भारत के आर्थिक ढांचे को काफी बहुमुखी बनाया गया है। इसलिए अब हमारे पास निर्यात में भारी वृद्धि करने की क्षमता है बशर्ते कि भुगतान-शेष के दृष्टिकोण से यह निर्यात चाहे ज्यादा आकर्षक न हो तो भी वह देश में बिक्री से होने वाले लाभ जैसा लाभदायक अवश्य हो। विश्व में हमें अपना व्यापार बढ़ाने में संभवतः 1975 में विश्व व्यापार का वातावरण सहायक नहीं रहेगा। फिर भी, चूंकि मैन्युफैक्चर की गयी वस्तुओं के कुल विश्व निर्यात में इन वस्तुओं का हमारा निर्यात नगण्य है, इसलिए, अगर हम निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कोई कारगर नीति अपनायें तो हम निर्यात से होने वाली अपनी आय में भारी वृद्धि कर सकते हैं।

8.10 जहां तक कृषि क्षेत्र का संबंध है उसमें प्रतिवर्ष लगभग 3 प्रतिशत की होने वाली वृद्धि की दर में उल्लेखनीय वृद्धि करने के लिए हमें अपने कृषि कार्यक्रमों को फिर से तैयार करना और पुष्ट करना होगा। साथ ही हमें इस भ्रम का शिकार भी नहीं बनना चाहिए कि कृषि का आधुनीकरण करने के लिए कोई निश्चित फारमूले बने हुए है जिनसे लक्ष्य की तुरत प्राप्ति की जा सकती है। थोड़े समय में अनाज की पैदावार में वृद्धि करने की अपनी सीमाएं हैं। इसके अलावा, प्रत्येक वर्ष पैदावार में अनिवार्य रूप से जो घट-बढ़ होती रहती है उसे भी ओझल नहीं किया जा सकता। इसलिए अन्न की उपज को बढ़ाने के लिए हर संभव उपाय को अपनाने के साथ-साथ अन्न की सरकारी खरीद और इसके वितरण की सरकारी प्रणाली को मजबूत बनाने पर सबसे ज्यादा जोर देना चाहिए।

8.11 जैसा कि इस 'समीक्षा' के पहले के अध्यायों में किये गये विश्लेषणों से स्पष्ट है, देश में बीज उद्योग के ढांचे को फिर से सुदृढ़ करने की तत्काल आवश्यकता है। भारी पैदावार देने वाले बीजों के उत्पादन की व्यवस्था में अधिक विस्तार करने की भी आवश्यकता है और इसके लिए यह जरूरी है कि हम कृषि-अनुसंधान के लिए नियत की जाने वाली धनराशि पर नये सिरे से विचार करें। राष्ट्रीय बीज निगम और अन्य सरकारी क्षेत्र के अभिकरणों की क्षमता में भी वृद्धि की जानी चाहिए जिससे बढ़िया बीजों की बढ़ती हुई मांग को पूरा किया जा सके।

8.12 यह भी कम आवश्यक नहीं है कि पिछले पांच वर्षों में प्रतिवर्ष जो लगभग दस-दस लाख हैक्टेयर भूमि के लिए सिंचाई का प्रबन्ध किया जाता रहा है उसमें वृद्धि की जाय और आने

वाले वर्षों में प्रतिवर्ष बीस बीस लाख हैक्टेयर भूमि के लिए सिंचाई का प्रबन्ध किया जाये । इसके लिए यह जरूरी है कि बड़े और मध्यम दर्जे के सिंचाई संबंधी निर्माण कार्य जो या तो निर्माणाधीन हैं या जिनकी आयोजना का काम अन्तिम चरणों में है उनको पूरा करने में लागत बढ जाने के कारण कोई रुकावट न आने दी जाय । नदियों के पानी के वितरण के अन्तर्राज्यीय विवादों को अधिक तेजी तथा कुशलता से निपटाया जाना आवश्यक है । इन विवादों के न सुलझाये जाने के कारण अनाज की पैदावार में कमी होने से जो सिंचाई का क्षेत्र और अधिक बढ़ा कर पूरी की जा सकती है, राष्ट्र को भारी नुकसान पहुंचता है । इसके अतिरिक्त भारत के पूर्वी और उत्तर-पूर्वी भागों में बड़ी मात्रा में उपलब्ध भूमिगत जल का अधिक तेजी से उपयोग करने के लिए काफी कारगर प्रबन्ध करने होंगे ।

8.13 मौजूदा सिंचाई क्षमता का पूरा पूरा इस्तेमाल करने का काम भी कम महत्वपूर्ण नहीं है । सिंचाई क्षेत्र विकास कार्यक्रम, जिसकी कल्पना पांचवीं पंचवर्षीय आयोजना के मसौदे में की गयी है, कृषि की पैदावार बढ़ाने में काफी योगदान दे सकता है बशर्ते कि प्रशासनिक ढांचा आवश्यक सीमा तक लचीला और अनुकूल बना रहे । इस कार्यक्रम का आयोजन धीमी गति से होता रहा है । इसलिए यह आवश्यक है कि इस कार्यक्रम के आयोजन में तेजी लायी जाये जिससे विभिन्न संगठनात्मक व तकनीकी समस्याओं का व्यावहारिक हल जल्दी ढूंढा जा सके ।

8.14 जब हमें विदेशों से मंगाये जाने वाले उर्वरकों पर काफी बड़ी रकम खर्च करनी पड़ती है तब आन्तरिक उत्पादन-क्षमता का पूरा-पूरा उपयोग नहीं किया जाना एक दुर्भाग्य की बात है । यह स्थिति पावर की सप्लाई अपर्याप्त होने के कारण पैदा हुई है । फिर भी इस बात के भी प्रमाण हैं कि उपलब्ध क्षमता का पूरा-पूरा उपयोग न किये जाने का कारण केवल बिजली की कमी नहीं है । उर्वरक तैयार करने के कई कारखानों की उत्पादन-क्षमता और उनके वास्तविक उत्पादन में काफी अन्तर है । यह देखते हुए कि इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में बेकार पड़ी क्षमता समाज के लिये भारी पड़ रही है, उत्पादन क्षमता और वास्तविक उत्पादन के बीच के अन्तर को तेजी से मिटाया जाना चाहिए । नयी उर्वरक परियोजनाओं को भी जो इस समय विचाराधीन हैं, शीघ्र लागू करना होगा । अगर नयी उर्वरक परियोजनाओं को पूरा करने में कोई विलम्ब हुआ तो पांचवीं आयोजना की अवधि के अन्त तक उर्वरकों की खपत में वृद्धि करने के लगभग 70 लाख मैट्रिक टन के हमारे लक्ष्य पर बहुत बुरा असर पड़ेगा ।

8.15 अन्त में, वर्ष 1975-76 में भारतीय अर्थ-व्यवस्था का मूल्यांकन अत्यधिक अनिश्चित अन्तर्राष्ट्रीय वातावरण को ध्यान में रख कर करना होगा । फिर भी, कुल मिलाकर, भारतीय अर्थ-व्यवस्था की स्थिति पर खेती की पैदावार में होने वाली घट-बढ़ का बहुत ज्यादा असर पड़ेगा । इस प्रकार विकास की सुनियोजित प्रक्रिया को दृढ़तापूर्वक फिर से आरम्भ करना बुनियादी तौर पर भारतीय कृषि को नये तरीकों के अनुसार ढालने की हमारी योग्यता पर निर्भर है ।

परिशिष्ट

आंकड़ों सम्बन्धी सारणियां

पृष्ठ संख्या

1. राष्ट्रीय आय तथा उत्पादन

1.1. सकल राष्ट्रीय उत्पाद तथा निवल राष्ट्रीय उत्पाद (अर्थात् राष्ट्रीय आय) 63
1.2. मूल उद्योगों के अनुसार निवल राष्ट्रीय उत्पाद के अनुमान—प्रतिशत विभाजन (1960-61 के मूल्यों पर) 64
1.3. कृषि उत्पादन : क्षेत्रफल और उपज के सूचक अंक 65
1.4. कृषि उत्पादन के सूचक अंक 66
1.5. कृषि उत्पादन 67
1.6. अन्न के उत्पादन के राज्यवार अनुमान (1968-69 से 1973-74 तक) 68
1.7. चुने हुए प्रत्यक्ष कृषि विकास कार्यक्रमों की प्रगति 72
1.8. दालें और अन्य अनाज की निवल उपलब्ध मात्रा 73
1.9. अन्न की निवल उपलब्धता, वसूली और सरकारी वितरण 74
1.10. दैनिक उपयोग की कुछ महत्वपूर्ण वस्तुओं की प्रति व्यक्ति उपलब्धता 75
1.11. उर्वरकों का उत्पादन, आयात और कुल उपलब्धता 76
1.12. औद्योगिक उत्पादन के सूचक अंकों में प्रतिशत परिवर्तन 77
1.13. चुने हुए उद्योगों का उत्पादन 79

2. बजट संबंधी लेन-देन

2.1. केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकारों और संघ क्षेत्रों के बजट सम्बन्धी लेन-देन 82
2.2. केन्द्रीय सरकार का कुल व्यय 84
2.3. केन्द्रीय सरकार के बजट सम्बन्धी साधनों में से सकल पूंजी निर्माण 86
2.4. विकास शीर्षों के अनुसार केन्द्र, राज्यों तथा संघ क्षेत्रों का आयोजनागत परिव्यय 88
2.5. विकास शीर्षों के अनुसार केन्द्र, राज्यों और संघ क्षेत्रों का आयोजनागत परिव्यय—प्रतिशत विभाजन 89

3. रोजगार

3.1. सरकारी क्षेत्र में रोजगार 90
3.2. गैर-सरकारी क्षेत्र में रोजगार 91

4. मुद्रा संबंधी प्रवृत्तियां

4.1. मुद्रा में घट-बढ़ का विश्लेषण 92
4.2. अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक—व्यस्त व मंदी के मौसम में दिये गये ऋण 94
4.3. अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक—चुनी हुई मदों में घट-बढ़ 95
4.4. सरकारी क्षेत्र के बैंकों और अन्य वाणिज्यिक बैंकों की शाखाओं का विस्तार 96
4.5. सरकारी क्षेत्र के बैंकों द्वारा कृषि और अब तक उपेक्षित अन्य क्षेत्रों को दिये गये अग्रिम 97
4.6. सरकारी क्षेत्र के बैंकों के कार्यालयों, इनमें जमा कुल राशियों और इन बैंकों द्वारा दिये गये कुल ऋणों तथा इन ऋणों में प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों को दिये गये ऋणों के प्रतिशतांश का राज्यवार विवरण 98
4.7. पूंजी बाजार : कुछ निर्देशांक 99
4.8. पूंजी बाजार : वित्तीय संस्थाओं द्वारा स्वीकृत और संवितरित वित्तीय सहायता 101

5. मूल्य

5.1. थोक भावों के सूचक अंक 102
5.2. थोक भावों के सूचक अंक—चुनी हुई वस्तुएं/वस्तु समूह 104
5.3. अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचक अंक 106
5.4. थोक भावों के सूचक अंक : निर्मित वस्तुओं और कृषि वस्तुओं के सापेक्ष मूल्य 108

6. भुगतान-शेष

6.1. भारत की प्रारक्षित विदेशी मुद्रा 110
6.2. भारत का भुगतान-शेष (समंजित) 112
6.3. भारत का भुगतान-शेष (समंजित) 114

		पृष्ठ संख्या
6.4.	भारत का भुगतान-शेष : चालू खाते की अदृश्य मदें	116
6.5.	भारत का भुगतान-शेष : पूंजी खाते की कुछ मदें	118
6.6.	आयात की गयी मुख्य वस्तुएं	119
6.7.	निर्यात की गयी मुख्य वस्तुएं	120
6.8.	कुल अनुमानित सप्लाई में आयात का अंश	122

7. विदेशी सहायता

7.1.	कुल विदेशी सहायता	124
7.2.	स्रोतों के अनुसार-वर्गीकृत, स्वीकृत विदेशी सहायता	125
7.3.	स्रोतों के अनुसार वर्गीकृत विदेशी सहायता का उपयोग	128
7.4.	विदेशी सहायता में अनुदानों तथा अप्रतिबद्ध ऋणों का अंश	131
7.5.	1974-75 में विदेशी सहायता	132
7.6.	विदेशी ऋण पर ब्याज आदि का भुगतान	133

1.1 : सकल राष्ट्रीय उत्पाद तथा निवल राष्ट्रीय उत्पाद (अर्थात राष्ट्रीय आय)

	सकल राष्ट्रीय उत्पाद (करोड़ रुपयों में)		निवल राष्ट्रीय उत्पाद (करोड़ रुपयों में)		प्रति व्यक्ति निवल राष्ट्रीय आय (रुपये)		निवल राष्ट्रीय उत्पाद प्रतिव्यक्ति का सूचकांक (आधार 1960-61)		निवल राष्ट्रीय उत्पाद का सूचकांक (आधार 1960-61)	
	चालू मूल्यों पर	1960-61 के मूल्यों पर	चालू मूल्यों पर	1960-61 के मूल्यों पर	चालू मूल्यों पर	1960-61 के मूल्यों पर	चालू मूल्यों पर	1960-61 के मूल्यों पर	चालू मूल्यों पर	1960-61 के मूल्यों पर
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1960-61 .	14003	14003	13267	13267	305.7	305.7	100.0	100.0	100.0	100.0
1961-62 .	14803	14516	13991	13732	315.1	309.3	105.5	103.5	103.1	101.2
1962-63 .	15728	14881	14796	13994	325.9	308.2	111.5	105.5	106.6	100.8
1963-64 .	17976	15684	16975	14769	365.8	318.3	127.9	111.3	119.7	104.1
1964-65 .	21112	16869	20000	15884	421.9	335.1	150.7	119.7	138.0	109.6
1965-66 .	21865	16112	20636	15081	425.5	310.9	155.5	113.7	139.2	101.7
1966-67 .	25198	16348	23810	15257	481.0	308.2	179.5	115.0	157.3	100.8
1967-68 .	29714	17788	28166	16616	556.6	328.4	212.3	125.2	182.1	107.4
1968-69 .	30560	18431	28859	17180	557.1	331.7	217.5	129.5	182.2	108.5
1969-70 .	33883	19444	31968	18152	604.3	343.1	241.0	136.8	197.7	112.2
1970-71* .	36730	20365	34627	19035	640.1	351.8	261.0	143.5	209.4	115.1
1971-72* .	38899	20672	36599	19299	660.6	348.4	275.9	145.5	216.1	114.0
1972-73* .	42136	20574	39592	19130	698.3	337.4	298.4	144.2	228.4	110.4
1973-74 †	52193	21214	49290	19724	849.8	340.1	371.5	148.7	278.0	111.3
तीसरी योजना में वार्षिक वृद्धि दर .	9.3	2.8	9.2	2.6	6.9	0.3				
1966-67 .	15.2	1.5	15.4	1.2	13.0	(−) 0.9				
1967-68 .	17.9	8.8	18.3	8.9	15.7	6.6				
1968-69 .	2.8	3.6	2.5	3.4	0.09	1.0				
1969-70 .	10.9	5.5	10.8	5.7	8.5	3.4				
1970-71 .	8.4	4.7	8.3	4.9	5.9	2.5				
1971-72 .	5.9	1.5	5.7	1.4	3.2	(−) 1.0				
1972-73 .	8.3	(−) 0.5	8.2	(−) 0.9	5.7	(−) 3.2				
1973-74 .	23.9	3.1	24.5	3.1	21.7	0.8				
चौथी योजना में वार्षिक वृद्धि दर .	11.3	2.9	11.3	2.8	8.7	0.5				

*अनन्तिम

†तुरत अनुमान

1.2 : मूल उद्योगों के अनुसार निवल राष्ट्रीय उत्पाद के अनुमान–प्रतिशत विभाजन

(1960-61 के मूल्यों पर)

उद्योग समूह	1960-61	1965-66	1966-67	1967-68	1968-69	1969-70	1970-71*	1971-72*	1972-73*	1973-74†
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1 कृषि, वन पालन, और लागिंग मीनक्षेत्र, खनन और पत्थर की खुदाई .	52.5	44.2	43.0	45.9	44.9	45.1	46.2	44.8	42.1	43.2
2. उत्पादन, निर्माण, बिजली, गैस तथा जलपूर्त्ति . .	19.2	23.6	24.1	22.9	23.4	23.3	22.3	22.4	23.5	22.6
3. परिवहन, संचार और व्यापार .	14.1	16.4	16.6	15.9	16.1	16.1	15.8	16.1	16.8	16.3
4. बैंक व्यवसाय और बीमा, वास्तविक सम्पदा तथा आवासों का स्वामित्व और व्यापारिक सेवाएं	4.2	4.4	4.4	4.1	4.1	4.0	4.0	4.2	4.4	4.3
5. सरकारी प्रशासन और रक्षा तथा अन्य सेवाएं . . .	10.5	12.4	12.9	12.3	12.5	12.5	12.6	13.4	14.2	14.5
6. अभिकर्त्ता मूल्य पर वास्तविक घरेलू उत्पाद . . .	100.5	101.0	101.0	101.1	101.0	101.0	100.9	100.9	101.0	100.9
7. विदेशों से वास्तविक अभिकर्त्ता आय	(–)0.5	(–)1.0	(–)1.0	(–)1.0	(–)1.0	(–)1.0	(–)0.9	(–)0.9	(–)1.0	(–)0.9
8. अभिकर्त्ता मूल्य पर वास्तविक राष्ट्रीय उत्पाद . . .	100.0	100.0	100.0	100.0	100.0	100.0	100.0	100.0	100.0	100.0

*अनन्तिम

†तुरत अनुमान

1.3: कृषि उत्पादन : क्षेत्रफल और उपज के सूचक अंक

(आधार : 1961-62 को समाप्त होने वाले तीन वर्ष = 100)

वर्ष	(निम्नलिखित के सूचक अंक)		
	क्षेत्रफल*	उत्पादन**	प्रति हेक्टर उपज@
1	2	3	4
1960-61	100.0	100.0	100.0
1961-62	101.0	102.4	101.4
1962-63	101.9	102.8	100.9
1963-64	102.6	106.8	104.1
1964-65	102.1	104.9	102.7
1965-66	101.6	102.2	100.6
1966-67	102.2	102.8	100.6
1967-68	103.0	109.1	105.9
1968-69	104.8	118.0	112.6
1969-70	105.6	122.9	116.4
1970-71	106.7	128.3	120.2
1971-72	105.7	127.6	120.7
1972-73	106.2	127.7	120.2

*कृषि वर्ष जुलाई से जून तक है

**तीन-तीन वर्षों अर्थात एक वर्ष संबद्ध वर्ष का, दूसरा उससे पहले और तीसरा उससे बाद का वर्ष के, कुल औसत

@कालम 2 और 3 के आधार पर

1.4 कृषि उत्पादन के सूचक अंक

(आधार : 1961-62 को समाप्त होने वाले तीन वर्ष = 100)

वर्ग/वस्तुएं.	भार	1960-61	1965-66	1966-67	1967-68	1968-69	1969-70	1970-71	1971-72	1972-73	1973-74
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
क. अन्न	65.9	102.1	89.9	91.9	117.1	115.7	123.5	133.9	132.0	121.2	130.3
(क) दालों से भिन्न	57.9	101.6	90.9	95.1	119.5	120.0	127.2	138.9	137.5	126.6	137.1
चावल	34.8	101.8	90.0	89.6	110.7	116.5	118.5	123.8	127.0	115.7	129.0
गेहूं	8.4	98.8	93.4	102.4	148.7	157.1	180.6	214.2	237.3	222.3	198.4
मोटा अनाज	14.7	102.8	91.8	104.0	123.5	107.4	117.4	131.4	105.8	98.0	121.6
(ख) दालें	8.0	105.5	82.4	68.9	100.0	84.3	96.7	97.7	91.7	80.3	80.5
जिसमें चना	3.9	106.2	71.7	61.5	101.4	70.2	94.2	88.3	86.3	77.1	68.1
ख. अन्न से भिन्न	34.1	103.8	107.1	103.7	115.6	113.2	120.5	126.6	128.9	119.4	134.1
(क) तिलहन जिसमें	11.4	102.7	98.0	99.4	121.0	105.7	117.1	133.4	131.0	109.1	129.2
मूंगफली	5.4	101.5	92.1	95.3	123.8	100.0	110.8	132.0	133.5	84.4	125.3
तोरिया और सरसों	1.7	107.7	103.8	98.2	125.4	107.7	125.1	158.0	114.6	144.6	135.4
(ख) रेशे	5.0	106.6	98.8	109.0	121.8	97.5	114.6	100.2	133.8	112.8	126.7
कपास	3.3	119.1	104.1	113.0	123.9	116.9	119.4	102.2	149.1	123.0	132.1
जूट	1.3	82.8	89.6	107.3	126.6	58.7	113.2	99.1	114.1	99.9	123.9
मेस्ता	0.3	81.5	95.3	89.4	93.2	66.3	82.7	91.8	84.2	81.4	107.0
(ग) बागानी फसलें	3.3	96.7	112.8	118.1	118.4	126.3	123.9	138.8	138.3	148.3	153.5
चाय	2.9	96.2	109.7	112.6	115.2	120.5	117.9	125.4	130.5	136.5	141.4
कहवा	0.3	100.4	114.9	141.2	103.2	132.3	114.5	198.5	124.1	163.9	154.9
रबड़	0.1	99.3	188.3	204.3	240.3	264.9	305.5	343.6	377.3	419.1	466.8
(घ) विविध जिसमें	9.4	106.4	115.6	93.7	97.3	118.9	126.3	122.1	113.4	119.7	135.1
गन्ना (गुड़)	7.8	108.1	121.0	90.0	92.7	121.5	130.6	122.3	109.6	120.3	132.9
तम्बाकू	1.4	97.7	95.3	114.9	119.9	117.4	109.6	117.7	136.2	121.0	143.5
ग. सभी वस्तुएं	**100.0**	**102.7**	**95.8**	**95.9**	**116.6**	**114.8**	**122.5**	**131.4**	**130.9**	**120.6**	**131.6**

टिप्पणी : 1966-67 और उसके बाद के आंकड़े अनन्तिम हैं और इसलिए उनमें फेर-बदल हो सकता है।

1.5: कृषि उत्पादन*

	इकाई	1955-56	1960-61	1965-66	1967-68	1968-69	1969-70	1970-71	1971-72	1972-73	1973-74
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
क. अन्न	दस लाख मेट्रिक टन	69.34	82.33	72.35	95.05	94.01	99.50	108.42	105.17	97.03	103.61
(क) दालों से भिन्न अनाज	,,	57.63	69.59	62.40	82.95	83.60	87.81	96.60	94.07	87.12	93.86
चावल	,,	28.65	34.60	30.59	37.61	39.76	40.43	42.23	43.07	39.25	43.74
गेहूं	,,	8.87	11.00	10.39	16.54	18.65	20.09	23.83	26.41	24.73	22.07
ज्वार	,,	6.74	9.90	7.58	10.05	9.80	9.72	8.10	7.72	6.97	8.99
बाजरा	,,	3.46	3.29	3.75	5.19	3.80	5.33	8.03	5.32	3.93	7.09
दूसरे अनाज	,	9.91	10.81	10.09	13.56	11.58	12.24	14.42	11.56	12.24	11.97
(ख) दालें जिसमें	,,	11.71	12.73	9.94	12.10	10.42	11.69	11.82	11.09	9.91	9.75
चना	,,	5.42	6.26	4.22	5.97	4.31	5.55	5.20	5.08	4.54	4.01
ख. अनाज से भिन्न	,,										
(क) तेलहन जिनमें**	,,	5.50	6.87	6.40	8.30	6.85	7.73	9.26	8.75	6.86	8.68
मूंगफली	,,	3.68	4.70	4.26	5.73	4.63	5.13	6.11	6.18	4.09	5.80
तोरिया और सरसों	,,	0.86	1.35	1.30	1.57	1.35	1.56	1.98	1.43	1.81	1.69
(ख) गन्ना (गुड़ के रूप में)	,,	7.43	11.41	12.77	9.79	12.83	13.78	12.98	11.63	12.76	14.05
(ग) कपास (रूई)	दस लाख गांठें@	3.99	5.24	4.58	5.45	5.14	5.26	4.50	6.56	5.42	5.82
(घ) जूट	,,	4.47	4.14	4.48	6.32	2.93	5.66	4.94	5.68	4.98	6.18
(ङ) मेस्ता	,,	1.15	1.11	1.30	1.27	0.91	1.13	1.26	1.15	1.11	1.46

*1955–56 से 1965–66 तक के आंकड़े, 1965–66 के पूर्णतः संशोधित अनुमानों को आधार मान कर संमायोजित कर दिये गये हैं। 1966–67 और उसके बाद के आंकड़े अनन्तिम हैं और उनमें संशोधन हो सकता है।

**इसमें मूंगफली, तोरिया और सरसों, तिल, अलसी तथा रेंडी शामिल हैं।

@गांठ--180 किलोग्राम।

टिप्पणी : संभव है कि पूर्णांकन के कारण आंकड़ों के जोड़ आपस में मेल न खायें।

1.6 : अन्न के उत्पादन के राज्यवार अनुमान 1968-69 से 1973-74 तक

(हजार मेट्रिक टन)

राज्य	वर्ष	चावल	गेहूं	मोटा अनाज		दालों से	कुल दालें	कुल अन्न
				ज्वार, बाजरा और मक्का	अन्य	भिन्न कुल अनाज		
1	2	3	4	5	6	7	8	9
आन्ध्र प्रदेश . . .	1968-69	4340.5	3.0	1817.8	435.5	6596.8	250.1	6846.9
	1969-70	4700.0	4.0	1980.9	452.1	7137.0	262.6	7399.6
	1970-71	4786.4	10.3	1601.5	558.0	6956.2	449.5	7405.7
	1971-72	4717.1	10.8	1661.3	521.7	6910.9	379.6	7290.5
	1972-73	4256.5	9.7	1702.4	439.7	6408.3	299.4	6707.7
	1973-74	5352.2	13.0	2041.7	543.0	7949.9	380.8	8330.7
असम . . .	1968-69	2250.8	4.7	14.0	3.0	2272.5	31.9	2304.9
	1969-70	2057.5	6.9	6.5	2.3	2073.2	35.7	2108.9
	1970-71	1980.5	12.1	6.7	2.7	2002.0	32.3	2034.3
	1971-72	1908.1	48.0	6.4	2.9	1965.4	30.9	1996.3
	1972-73	2177.1	160.4	5.9	4.9	2348.3	48.0	2396.3
	1973-74	2066.3	48.2	7.6	4.4	2126.5	44.7	2171.2
बिहार	1968-69	5197.4	1259.0	1029.3	378.0	7863.7	1006.2	8869.9
	1969-70	4009.0	1200.0	878.2	350.3	6437.5	1108.2	7545.7
	1970-71	4154.3	1258.9	1128.9	351.7	6893.8	987.4	7881.2
	1971-72	5273.2	2493.7	139.4	271.3	8177.6	889.3	9066.9
	1972-73	4464.5	3136.4	811.6	251.0	8663.5	656.0	9319.5
	1973-74	4140.2	1650.0	954.5	261.3	7006.0	673.1	7679.1
गुजरात . . .	1968-69	230.0	620.5	1265.7	105.9	2222.1	123.8	2345.9
	1969-70	447.4	591.6	1880.1	172.3	3091.4	129.6	3221.0
	1970-71	597.5	939.4	2516.4	187.6	4240.9	165.2	4406.1
	1971-72	517.5	897.4	2459.8	186.0	4060.7	161.3	4222.0
	1972-73	147.9	547.6	1312.8	94.1	2102.4	112.0	2214.4
	1973-74	467.9	905.9	1937.7	151.8	3463.3	165.2	3628.5
हरियाणा . . .	1968-69	265.0	1522.0	399.0	195.0	2381.0	625.2	3006.2
	1969-70	371.0	2119.5	709.0	180.1	3379.6	1187.8	4567.4
	1970-71	460.0	2342.0	1013.0	123.1	3938.1	813.2	4751.3
	1971-72	536.0	2402.0	808.0	115.1	3861.1	684.3	4545.4
	1972-73	462.0	2231.0	646.0	149.0	3488.0	589.8	4077.8
	1973-74	540.0	1810.0	863.0	136.0	3349.0	489.5	3838.5
हिमाचल प्रदेश . . .	1968-69	98.5	259.1	500.0	81.2	938.8	22.1	960.9
	1969-70	113.8	300.0	443.7	103.6	961.1	21.2	982.3
	1970-71	123.9	246.2	482.6	65.4	918.1	31.6	949.7
	1971-72	103.6	394.5	330.3	87.8	916.2	29.1	945.3
	1972-73	85.7	333.1	392.8	73.9	885.5	28.2	913.7
	1973-74	117.5	282.8	435.5	71.6	907.4	29.6	937.0

1	2	3	4	5	6	7	8	9
जम्मू और कश्मीर . . .	1968-69	487.3	210.0	332.6	35.0	1064.9	34.3	1099.2
	1969-70	482.1	250.0	370.1	18.3	1120.5	31.0	1151.5
	1970-71	396.9	124.8	377.4	14.9	914.0	30.4	944.4
	1971-72	370.1	168.0	374.3	17.1	929.5	29.1	958.6
	1972-73	342.7	174.3	389.6	19.0	925.6	28.8	954.4
	1973-74	460.1	174.3	324.6	21.6	980.6	29.8	1010.4
कर्नाटक . . .	1968-69	2001.1	160.0	1917.4	585.3	4663.8	385.6	5049.4
	1969-70	2290.0	136.3	2131.5	931.3	5489.1	401.6	5890.7
	1970-71	1952.9	94.6	2492.5	1018.7	5558.7	403.6	5962.3
	1971-72	2097.1	187.2	2343.6	970.5	5598.4	466.1	6064.5
	1972-73	1748.8	109.2	1586.0	917.1	4361.1	238.9	4600.0
	1973-74	2068.8	188.7	2366.0	1030.3	5653.8	497.4	6151.2
केरल	1968-69	1400.0	—	0.5	10.2	1410.7	16.7	1427.4
	1969-70	1214.9	—	0.6	11.1	1226.6	16.0	1242.6
	1970-71	1298.0	—	0.8	8.1	1306.9	14.0	1320.9
	1971-72	1351.7	—	0.8	7.6	1360.1	13.1	1373.2
	1972-73	1376.4	—	0.6	7.5	1384.5	12.8	1397.3
	1973-74	1353.9	—	0.6	7.5	1362.0	13.7	1375.7
मध्य प्रदेश . . .	1968-69	3004.6	2007.5	2311.1	490.3	7813.5	1646.5	9460.0
	1969-70	3201.6	2216.0	2053.0	540.9	8011.5	1757.6	9769.1
	1970-71	3697.3	2592.2	2083.4	557.1	8930.0	1991.6	10921.6
	1971-72	3702.4	3189.2	1847.5	542.1	9281.2	2353.1	11634.3
	1972-73	3083.5	2284.8	2507.8	499.5	8375.6	2255.6	10631.2
	1973-74	3537.3	2601.3	1788.1	550.1	8476.8	1935.7	10412.5
महाराष्ट्र . . .	1968-69	1368.8	428.1	4198.2	288.5	6283.6	873.6	7157.2
	1969-70	1431.3	390.5	4034.6	218.1	6074.5	839.4	6913.9
	1970-71	1662.9	451.1	2420.5	279.6	4814.1	775.9	5590.0
	1971-72	1368.5	502.8	2188.8	249.9	4310.0	642.9	4952.9
	1972-73	745.8	248.5	1465.7	139.7	2599.7	451.0	3050.7
	1973-74	1640.5	536.0	3763.7	309.7	6249.9	986.5	7236.4
मणिपुर . . .	1968-69	300.0	—	18.7	—	318.7	—	318.7
	1969-70	232.0	—	12.8	—	244.8	—	244.8
	1970-71	159.8	—	6.8	—	166.6	—	166.6
	1971-72	158.6	4.2	17.1	—	179.9	—	179.9
	1972-73	152.2	0.2	22.0	—	174.4	—	174.4
	1973-74	238.6	0.1	27.2	—	265.9	—	265.9
मेघालय . . .	1968-69	@	@	@	@	@	@	@
	1969-70	@	0.2	8.0	0.8	9.0	0.8	9.8
	1970-71	113.9	0.2	7.1	0.3	121.5	0.9	122.4
	1971-72	108.0	0.2	7.5	0.9	116.6	0.9	117.5
	1972-73	110.0	0.2	8.0	1.0	119.2	1.0	120.2
	1973-74	99.4	0.2	8.0	1.0	101.4	0.8	102.2

@ असम में शामिल हैं ।

1	2	3	4	5	6	7	8	9
नागालैण्ड . . .	1968-69	52.9	—	—	—	52.9	—	52.9
	1969-70	49.8	—	—	—	49.8	—	49.8
	1970-71	54.1	—	—	—	54.1	—	54.1
	1971-72	33.2	—	—	—	33.2	—	33.2
	1972-73	34.7	—	6.3	11.5	52.5	1.2	53.7
	1973-74	36.5	—	6.1	11.5	54.1	1.5	55.6
उड़ीसा	1968-69	4698.6	17.4	67.9	245.5	5029.4	400.0	5429.4
	1969-70	4316.6	18.9	76.8	221.5	4633.8	399.1	5032.9
	1970-71	4341.1	18.5	71.6	206.3	4637.5	466.6	5104.1
	1971-72	3619.5	38.7	79.6	225.8	3963.6	390.2	4353.8
	1972-73	3983.1	85.1	76.8	226.6	4371.6	488.8	4860.4
	1973-74	4439.1	82.7	81.5	221.9	4825.2	484.5	5309.7
पंजाब	1968-69	460.0	4520.0	954.0	70.2	6004.2	247.9	6252.1
	1969-70	572.9	4800.0	1051.7	80.2	6504.8	431.9	6936.7
	1970-71	688.0	5145.0	1106.8	57.4	6997.2	309.1	7306.3
	1971-72	920.0	5618.0	1029.8	55.3	7623.1	305.2	7928.3
	1972-73	955.0	5368.0	1017.4	59.2	7399.6	294.0	7693.6
	1973-74	1163.0	5257.0	868.3	89.2	7377.5	342.7	7720.2
राजस्थान . . .	1968-69	57.0	1178.1	1321.9	593.2	3150.2	856.6	4006.8
	1969-70	98.9	1275.3	1739.7	531.0	3644.9	1104.6	4749.5
	1970-71	134.5	1951.2	4176.3	798.8	7060.8	1777.3	8838.1
	1971-72	159.4	1888.7	2366.9	602.1	5017.1	1317.7	6334.8
	1972-73	80.0	1753.5	1833.2	496.2	4162.9	994.9	5157.8
	1973-74	117.6	1789.2	2910.6	607.3	5424.7	1291.5	6716.2
तमिलनाडु . . .	1968-69	3940.0	0.4	730.5	652.3	5323.2	92.1	5415.3
	1969-70	4532.2	0.4	898.9	698.0	6129.5	109.5	6239.0
	1970-71	5303.4	0.5	883.3	670.4	6857.6	116.5	6974.1
	1971-72	5302.0	0.7	826.1	660.6	6789.4	153.7	6943.1
	1972-73	5569.1	0.4	844.1	561.5	6975.1	192.0	7167.1
	1973-74	5595.0	0.4	875.6	596.8	7067.8	190.2	7258.0
त्रिपुरा	1968-69	205.1	—	—	—	205.1	1.1	206.2
	1969-70	234.7	—	—	—	234.7	1.1	235.8
	1970-71	256.1	—	—	—	256.1	1.3	257.4
	1971-72	270.8	0.9	—	—	271.7	1.4	273.1
	1972-73	183.3	1.4	—	—	184.7	0.9	185.6
	1973-74	362.0	0.8	—	—	362.8	0.9	363.7
उत्तर प्रदेश . . .	1968-69	2922.1	6086.8	2368.6	1634.6	13012.0	3284.2	16296.2
	1969-70	3532.9	6314.3	2376.3	1979.8	14203.3	3343.9	17547.2
	1970-71	3700.9	7689.5	3164.3	1960.8	16515.5	3078.2	19593.7
	1971-72	3776.5	7550.1	1599.7	1851.3	14777.6	2919.9	17697.5
	1972-73	3273.0	7515.2	2600.2	1842.9	15231.3	2923.0	18154.3
	1973-74	3840.4	6014.4	2391.5	1633.8	13880.1	1849.8	15729.9

1	2	3	4	5	6	7	8	9
पश्चिम बंगाल . . .	1968-69	6250.0	300.0	40.2	63.8	6654.0	508.3	7162.3
	1969-70	6350.0	400.0	45.9	64.9	6860.8	503.0	7363.8
	1970-71	6140.1	868.1	48.5	59.3	7116.0	375.0	7491.0
	1971-72	6508.4	921.2	38.2	71.1	7538.9	317.0	7855.9
	1972-73	5715.3	688.0	38.8	45.4	6487.5	284.8	6772.3
	1973-74	5798.9	629.9	38.8	56.9	6524.5	340.1	6864.6
अखिल भारतीय . .	1968-69	39761.2	18651.6	19306.5	5875.5	83594.8	10417.8	94012.6
	1969-70	40429.7	20093.3	20722.1	6565.5	87810.6	11690.7	99501.3
